लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 189, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 26 मई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम**

44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 05 : 17
सूर्यास्त 18 : 55



खुद एक्शन करेंगे सलमान...15

**हाल-ए-अर्थव्यवस्था : वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में करीब आठ गुना धनराशि हुई एनपीए**

## बरेली के बैंकों में एनपीए 25 सौ करोड़ के पार

शिवांग पांडेय, बरेली

- बैंकों की वित्तीय स्थिति के लिए बड़ा संकट बता रहे हैं विशेषज्ञ
- वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में तीन हजार करोड़ पार की आशंका

**अमृत विचार :** अर्थव्यवस्था किस दिशा में जा रही है, बैंकों में तेजी से एनपीए हो रहे ऋण खाते इस बारे में भारी असमंजस पैदा कर रहे हैं। बरेली जिले के अलग-अलग बैंकों में वित्तीय वर्ष 2023-2024 खत्म होने तक एनपीए हुई धनराशि 25 सौ करोड़ के पार हो गई है जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब आठ गुना है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में एनपीए की राशि तीन हजार करोड़ के पार जाने की आशंका है। एनपीए हुए ऋण खातों को जिले के बैंकों के लिए बड़ा संकट बताया जा रहा है। 2023-24 में एनपीए खातों की रफ्तार कई गुना तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में एनपीए धनराशि 323 करोड़ थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौथी तिमाही के अंत तक 2248 करोड़ की वृद्धि के बाद यह आंकड़ा 2571.17 करोड़ पर पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून के बीच पहली तिमाही एनपीए की धनराशि सिर्फ 378.99 करोड़ थी यानी इसमें 58 करोड़ की ही वृद्धि हुई थी लेकिन जनवरी से मार्च में 2571 करोड़ के पार निकल गई।

एलडीएम कार्यालय के मुताबिक एनपीए का यह आंकड़ा जिले के 41 बैंकों की 416 शाखाओं का है। बैंकों ने ऋण लेने वाले करीब 1.36 लाख लोगों से यह धनराशि लेने में असमर्थता जताते हुए इसे एनपीए घोषित कर दिया है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर ऋण सरकारी योजनाओं के तहत दिए गए थे। (संबंधित खबर पेज 2)

### एक्सिस बैंक के सर्वाधिक ऋण खाते हुए एनपीए

जिले में सर्वाधिक एनपीए खातों वाले बैंकों की सूची में एक्सिस बैंक नंबर एक पर है। उसकी 1107.76 करोड़ की धनराशि एनपीए हुई है। दूसरे नंबर पर पंजाब नेशनल बैंक है जिसकी 340.12 करोड़ की धनराशि एनपीए घोषित की गई है। इसके बाद केनरा बैंक की 236.63 करोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा की 186.71 करोड़ और बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की 112.81 करोड़ की धनराशि एनपीए हुई है।

## श्रद्धालुओं की बस पर पलटा डंपर, दस की मौत

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)


- पूर्णागिरि जा रहे थे श्रद्धालु, 20 से ज्यादा लोग घायल
- खुटार में ढाबे पर खाना खाने के लिए रोकी थी बस




हादसे के बाद जेसीबी से डंपर को हटाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीतापुर से पूर्णागिरि धाम जा रही श्रद्धालुओं की बस पर बजरी से भरा डंपर पलट गया। दुर्घटना में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा घायल हो गए।

सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव जटहा के श्रद्धालु निजी बस से पूर्णागिरि धाम जा रहे थे। शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे खुटार-गोला रोड पर बनकटा मोड़ पर रिषि ढाबा के पास खाना खाने के लिए श्रद्धालुओं ने बस सड़क किनारे रुकवाई। इस बीच बजरी से भरा डंपर ढाबे से निकल रहा था। ढाल होने के कारण डंपर बस के ऊपर पलट गया और श्रद्धालु दब गए। चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में लोग जुट गए और बस में दबे लोगों को निकालने लगे। पुलिस भी पहुंच गई। जेसीबी और क्रेन की मदद से श्रद्धालुओं को निकाला गया। सभी घायलों को खुटार सीएचसी भेजा गया। जहां से कई को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी पाकर डीएम, एसपी भी पहुंच गए। खुटार सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि कई की हालत गंभीर है। मृतकों में सीमा (12) पुत्री रामस्नेही, अजीत (15) पुत्र रूपेश, सुमन देवी (36) पत्नी गंगाराम, आशीष (8) पुत्र गंगाराम, मुन्नी देवी (47) पत्नी छोटेलाल और शिव शंकर (50), स्वान मती (45) शामिल हैं। तीन मृतकों का नाम ज्ञात नहीं हो सका। गंभीर रूप से घायल रितिक, मिस्टी, बिट्टू आदि को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।







# छठा चरण : उप्र की 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

### अंबेडकरनगर में सबसे अधिक 61.54%, सबसे कम 48.94% फूलपुर सीट पर वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54 प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर सीट पर व सबसे कम 48.94 प्रतिशत मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.60, इलाहाबाद में 51.75, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, संत कबीरनगर में 52.63, लालगंज (अजा) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर (अजा) में 54.43 व भदोही सीट पर 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली। जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईवीएम व वीवीपैट को बदलने की कार्रवाई की गई। मॉक पोल के दौरान कुल 191 बैलेट यूनिट, 251 कंट्रोल यूनिट व 291 वीवीपैट बदले गए।



प्रतापगढ़ में प्राथमिक विद्यालय कटरा मेदनीगंज में लगी मतदाताओं की लाइन।

### 14,480 मतदेय स्थलों पर हुई वेबकास्टिंग

मतदान की प्रक्रिया के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 14,480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, इसके अलावा 5057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

### खिरिया में पुनर्मतदान 73.99% वोट पड़े

**एटा।** फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र की एटा जिले में आने वाली अलीगंज विधानसभा के गांव खिरिया पमारान में शनिवार को पुनर्मतदान हुआ। जिसमें 73.99 प्रतिशत वोट पड़े। 13 मई को चौथे चरण के मतदान में एक किशोर ने इस बूथ पर आठ बार वोट डाले, जिसके बाद निर्वाचन आयोग ने दोबारा मतदान का आदेश दिया था।

### देशभर में 58 सीटों पर 61 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर हुए मतदान में शनिवार रात्रि साढ़े ग्यारह बजे तक प्राप्त आंकड़ों के आधार पर औसतन 61.11 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 79.30 प्रतिशत वोट डाले गए जबकि उत्तर प्रदेश में 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 54.06 प्रतिशत वोट पड़े, जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है।

**अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्ष का रिकॉर्ड**

## राजकोट के गेम जोन में लगी आग, बच्चों समेत 27 की मौत

- फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे लगी आग, राहत एवं बचाव अभियान जारी
- एसआईटी को जांच, मृतकों के परिजनों-घायलों को आर्थिक मदद देने की घोषणा

राजकोट, एजेंसी



गेम जोन में आग लगने के बाद बचाव और राहत कार्य करते कर्मचारी। ● एजेंसी

गुजरात के राजकोट शहर में शनिवार शाम 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से चार बच्चों समेत 27 की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गेमिंग गतिविधियों के लिए निर्मित फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे आग लग गई, जिसके बाद प्रभावित टीआरपी गेम जोन में राहत एवं बचाव अभियान जारी है। आग से ढांचा ध्वस्त हो गया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

एसीपी विनायक पटेल ने बताया कि अब तक 27 लोगों की मौत हुई है। जल चुके शवों की पहचान मुश्किल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाना-मावा रोड स्थित गेम जोन में हादसा उस समय हुआ जब बच्चों सहित कई लोग खेल रहे थे। राजकोट डीएम प्रभाव जोशी ने बताया कि गेम जोन में आग लगने की सूचना अग्नि नियंत्रण कक्ष को शाम 4:30 बजे मिली। दमकल गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर हैं और मलबा हटाया जा रहा है। हालांकि, आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है।

मुख्यमंत्री पटेल ने हर मृतक के परिजनों को चार लाख तथा घायल को 50,000 की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। घटना के बाद राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच होगी और सभी गेमिंग जोन को परिचालन बंद करने को कहा गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। सोशल मंच 'एक्स' पर मुर्मू ने कहा कि 'गेम जोन' में लोगों की मौत के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि राजकोट त्रासदी ने हम सभी को दुखी किया है। मैंने फोन पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल से राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली है।

## हेमकुंड साहिब के कपाट खुले, पहला जत्था पहुंचा

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रृद्धालुओं के लिए विधिवत अरदास के साथ खोल दिए गए। पंज प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था धाम पहुंचा। इस मौके पर दो हजार संगतों की उपस्थिति रही। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से धार्मिक अनुयायियों के साथ मिलकर जत्थे को रवाना किया था। गोबिंद धाम (घांघरिया) से शनिवार सुबह पंज प्यारों की अगुवाई में जत्थे ने हेमकुंड साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में हाजिरी भरी। प्रातःकाल से ही हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रृद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचने लगे थे।

## भीषण गर्मी के चलते देश में बढ़ी बिजली की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

**टूट सकता है रिकॉर्ड**



- शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंचीं

## रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ
- इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में पड़ा मिला। हत्यारे घर के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे साथ रहती थीं। भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह अन्यत्र चला गया था। देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकी छोटा प्रतीक राजधानी के महानगर में रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ गोल्फ खेलने निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और चैनल खुला था।

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

## छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

बेमेतरा, एजेंसी

- छह लोग घायल, कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।

## नर्स के हत्यारोपी शुभम का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- एक वीडियो में नर्स की हत्या के बाद आत्महत्या करने की बात कह रहा था शुभम

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के पिज्जा हब में नर्स की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में आरोपी शुभम शुक्ला ने आत्महत्या कर ली। उसका शव गांव से कुछ दूर पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। इसके कुछ समय बाद शुभम का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह नर्स की हत्या के बाद आत्महत्या की बात कह रहा है। इधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हैंगिंग से मौत होने की बात सामने आई है।

पीलीभीत के पूरनपुर की रहने वाली 25 वर्षीय नर्स का शव शाहजहांपुर के पिज्जा हब के बाथरूम में गुरुवार को मिला था। उसे पूरनपुर के गांव पड़रिया का शुभम शुक्ला (26) पुत्र राजेंद्र शुक्ला पिज्जा हब लाया था। शनिवार सुबह शुभम का शव पड़रिया गांव से करीब 400 मीटर दूर एक खेत में पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। पूरनपुर में डेरा डाले शाहजहांपुर और स्थानीय पुलिस ने परिवार वालों को बुलाकर शिनाख्त कराई।

> शुभम ने एक वीडियो अपने भाई को भेजा था, उसमें वह युवती की हत्या कर खुदकुशी की बात कह रहा था। इसके बाद उसका शव पेड़ से लटका मिला।
> – संजीव कुमार शुक्ला, कोतवाल पूरनपुर

## गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार, नदी में जा गिरे चार छात्र

**कोट्टायम।** तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है।

**कुदरत** | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

## गोमती नदी को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए। आश्रम के महत्व को दर्शाने वाले शिलापट भी लगवाए। सफाई कराकर प्राकृतिक जल स्रोतों को भी खुलवाया। गोमती संरक्षण अभियान के अगुआ और गोमती नदी के आसपास की सांस्कृतिक विरासत को संकलित कर रहे सुशील सीतापुरी कहते हैं कि इन जलस्रोतों का पानी पूरे साल नदी में गिरता रहता है।

आश्रम में स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग से हर समय जलधारा निकलती रहती है, जिसे देखने लोग दूर-दूर से आते हैं।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते बच्चे।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी



चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में 'मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि हरदोई के धोबिया गांव स्थित तपोवन के प्राकृतिक जल स्रोतों से दो किमी दूर बहती गोमती को पूरे साल नियमित जलापूर्ति होती है। इस नाते धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।

## शहर में आज

- पारस एजुकेशनल सोसायटी की ओर से डीडीपुरम स्थित अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में सम्मान समारोह दोपहर 12:30 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक ऑल इडियट का मंचन शाम 5:15 बजे।
- पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक होटल किंग्स हेरिटेज में सुबह 11 बजे।
- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सुभाष मार्केट स्थित कार्यालय पर प्रेरणा दिवस कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से।

## एक नजर

### मतगणना स्थल की कंट्रोल रूम से हो रही निगरानी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र की सीटों की मतगणना की तैयारी तेज हो गई है। परसाखेड़ा में स्ट्रांग रूम का लगातार दौरा कर अधिकारी सुरक्षा के साथ अन्य व्यवस्थाएं परख रहे हैं। 4 जून को मतगणना के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जा रही है। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि मतगणना स्थल के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े होंगे। रूट डायवर्जन के साथ पार्किंग स्थल भी चिह्नित होंगे। सिर्फ चुनाव कर्मियों, अधिकारियों और प्रत्याशियों के वाहनों को ही परसाखेड़ा इलाके में आवागमन की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम के 500 मीटर के आसपास सुरक्षाकर्मी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। वहीं, अफसर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण कर रहे हैं।

# साल भर के अंदर बैंकों का आठ गुना एनपीए बैठते एमएसएमई और चौपट होते कृषि क्षेत्र की कहानी

## जिले में इन्हीं दो क्षेत्रों में एनपीए हुआ सर्वाधिक ऋण, बड़े उद्योगपति और व्यापारिक घराने भी डिफाल्टरों में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** साल भर के अंदर जिले में एनपीए की धनराशि का आठ गुना बढ़ जाने को अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। वजह यह है कि सर्वाधिक ऋण एमएसएमई और कृषि क्षेत्र में एनपीए हुए हैं जिन पर अर्थव्यवस्था का सबसे ज्यादा जोर है। बैंक अधिकारी इन दोनों क्षेत्रों में छाई अनिश्चितता को ऋणों की अदायगी न होने का कारण मान रहे हैं। मुद्रा लोन की भी बड़ी धनराशि एनपीए हुई है। बैंकों की चिंता का एक प्रमुख कारण यह भी है कि शहर के कई बड़े उद्योगपतियों और व्यापारिक घराने भी डिफाल्टरों की सूची में शामिल हो गए हैं। इन लोगों ने काफी बड़ी धनराशि बतौर ऋण बैंकों से ली थी, लेकिन अदायगी नहीं की।

बैंकिंग सेक्टर के लिए बरेली जैसे जिले में 2571 करोड़ का एनपीए अप्रत्याशित बताते हुए यह भी कहा जा रहा है कि एमएसएमई और कृषि क्षेत्र में पहली बार इतनी बड़े पैमाने पर ऋण की धनराशि बट्टे खाते में डाली गई है। एलडीएम वीके अरोरा के मुताबिक अभी तक का आंकलन यह है कि जिले में किसानों पर बाजार की अस्थिरता के साथ मौसम की अनिश्चितता की बड़ी मार पड़ी है। इसी वजह से वे अपना ऋण नहीं चुका पाए। एमएसएमई यानी छोटे और लघु उद्योगों के लिए आर्थिक मंदी के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा कड़ी चुनौती साबित हुई है। इस क्षेत्र में कृषि क्षेत्र से भी ज्यादा ऋण एनपीए हुआ है। दोनों क्षेत्रों को ज्यादातर ऋण सरकारी योजनाओं के तहत दिया गया था।

बैंक अधिकारी तो सीधे-सीधे कहने से बच रहे हैं लेकिन बाहरी अर्थ विशेषज्ञ दोनों सेक्टरों में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ इतने बड़े पैमाने पर ऋण एनपीए होने को उनमें भारी गिरावट का स्पष्ट संकेत बता रहे हैं। इन विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि एनपीए की यह स्थिति सिर्फ बरेली में नहीं हो सकती। अगर पूरे प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों में भी इसी तरह से एनपीए बढ़ा है तो यह केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर भी बड़ी चिंता की बात होनी चाहिए।

- तीसरी बड़ी एनपीए धनराशि मुद्रा लोन की, अब ऋण देने से हाथ खींच रहे बैंक
- वसूली के लिए अब विशेष टीमों के गठन और नई योजनाएं लाने पर माथापच्ची



### बैंकिंग सेक्टर में बढ़ेगी अस्थिरता, निवेश के माहौल के साथ व्यापारिक गतिविधियां भी होंगी प्रभावित

- स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है गहरा दुष्प्रभाव

**ये हैं प्रमुख कारण**

- आर्थिक मंदी से उद्योग न खड़ा हो पाना।
- कृषि क्षेत्र पर मौसम की अनिश्चितता की मार।
- कुछ मामलों में धोखाधड़ी कर ऋण हड़पना।

बैंक अधिकारियों के अनुसार एनपीए की यह स्थिति न सिर्फ बैंकिंग प्रणाली के लिए काफी चिंताजनक है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी इसके गहरे दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। ऐसा पहली बार है कि 1,36,307 खाताधारकों की 2571 करोड़ की धनराशि एनपीए हुई है। शहर के कई बड़े उद्योगपतियों और व्यापारिक घरानों ने भी सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों से भारी ऋण लेकर नहीं चुकाया। इससे बैंकिंग सेक्टर में अस्थिरता और अविश्वास बढ़ा है। यह स्थिति भविष्य में स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों और निवेश के माहौल को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। तेजी से बढ़े एनपीए के कारण बैंकों ने नए ऋणों के आवंटन से हाथ खींचना शुरू कर दिया है।

### सबसे ज्यादा बोझ एक्सिस बैंक पर

एनपीए हुए ऋण का जिले में सबसे ज्यादा बोझ एक्सिस बैंक पर पड़ा है। आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 में इस बैंक के एनपीए में सबसे तेज वृद्धि हुई है। पहली तिमाही में एक्सिस बैंक की एनपीए धनराशि सिर्फ 92 लाख रुपये की थी जो दूसरी तिमाही में बढ़कर 24.11 करोड़ रुपये पहुंच गई। तीसरी तिमाही में भी काफी मामूली वृद्धि हुई। इस तिमाही के अंत तक बैंक का एनपीए 26.10 करोड़ रुपये का था लेकिन चौथी तिमाही में ये 1081 करोड़ रुपये का एनपीए बढ़ा और कुल धनराशि 1107.76 करोड़ रुपये हो गई। एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक विकल्प ने बताया कि एनपीए वृद्धि के बारे में सोमवार को ही कोई जानकारी दे पाएंगे।

**आखिरी तिमाही में 1081 करोड़ रुपये हुए एनपीए**

### टॉप- 5 बैंकों का एनपीए

| बैंक | खाताधारक | एनपीए राशि |
|---|---|---|
| एक्सिस बैंक | 33,859 | 1107.76 |
| पंजाब नेशनल बैंक | 16,736 | 340.12 |
| कैनरा बैंक | 2,612 | 236.63 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 14,323 | 186.71 |
| बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक | 14,897 | 112.81 |

एनपीए राशि करोड़ में

### व्यापारियों का दावा- आर्थिक मंदी और बढ़ती प्रतिस्पर्धा का असर

व्यापारियों ने बैंक अधिकारियों को एमएसएमई के लिए आवंटित ऋणों की अदायगी न होने का प्रमुख कारण आर्थिक मंदी और बढ़ी प्रतिस्पर्धा के दबाव को बताया है। उधर, एलडीएम वीके अरोरा का कहना है कि स्थिति से निपटने के लिए अब बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फंसे ऋणों की अदायगी कराने के उपाय खोजे जा रहे हैं। कर्ज की वसूली के लिए विशेष टीमों का गठन किए जाने और कर्जदारों के साथ पुनर्भुगतान की नई योजनाओं पर विचार किया जा रहा हैं। जिला प्रशासन भी बैंक प्रबंधन की मदद करेगा।



अर्थशास्त्री का नजरिया...

### आर्थिक विकास दर के साथ बाजार की मांग में गिरावट एमएसएमई के लिए बड़ी चुनौती

बरेली कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. शिखा सिंह का कहना है कि एमएसएमई क्षेत्र में इतना ज्यादा एनपीए होने के मुख्य कारणों में आर्थिक विकास की दर में कमी हो सकती है जिसकी वजह से कंपनियों और व्यक्तियों की आय घटती है और वे कर्ज की समय पर अदायगी नहीं कर पाते। इसके अलावा वित्तीय प्रबंधन की कमजोरियां, बाजार की मांग में गिरावट और प्रतिस्पर्धा भी अलग-अलग कारण हैं। कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि, श्रमशक्ति की उपलब्धता में कमी भी भूमिका निभाती है। कृषि क्षेत्रों में एनपीए बढ़ने के पीछे प्राकृतिक आपदाएं और किसानों को उपज का उचित मूल्य न मिलना कारण हो सकता है। इससे उनकी आय में अस्थिरता पैदा होती है। कृषि उत्पादों की मार्केटिंग और स्टोरेज की कमी जैसे कारण हो सकते हैं।

### रिजर्व बैंक ने मांगी रिपोर्ट, संपत्ति जब्त कर डिफाल्टरों को दिवालिया घोषित करेंगे बैंक

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जिले में अप्रत्याशित रूप से बढ़े एनपीए के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ जिले में बैंक ऋण पुनर्गठन योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। बैंक अधिकारियों के अनुसार आरबीआई ने एनपीए खाताधारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऋण न चुकाने वाले उद्योगपतियों और व्यापारियों की संपत्तियों को जब्त कर उन्हें दिवालिया घोषित करने जैसे कदम उठाए जाएंगे। उधर, जिला प्रशासन की ओर से अभी एनपीए पर बैंकों के साथ कोई समीक्षा बैठक नहीं की है। उम्मीद है कि चुनाव बाद यह बैठक हो सकती है और इसमें एनपीए को कम करने के लिए कुछ सख्त निर्णय लिए जा सकते हैं।

# सिकलापुर से रोडवेज की तरफ नहीं जाएंगे ई-रिक्शा और टेंपो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसपी ट्रैफिक से बरेली इलेक्ट्रिकल कॉन्टैक्टर मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने की मांग

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज से नॉवल्टी चौराहा तक रोजाना जाम लगता है। इसकी वजह अतिक्रमण, रोडवेज बसें और ई-रिक्शा और ऑटो हैं। जाम की समस्या से निजात के लिए बरेली इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी ट्रैफिक शिवराज से मुलाकात कर कई सुझाव दिए। एसपी ट्रैफिक ने व्यापारियों के एक सुझाव को मानते हुए कहा है कि सिकलापुर की ओर से रोडवेज बस अड्डे की तरफ ई-रिक्शा और ऑटो का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। सोमवार से यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

एसोसिएशन के संरक्षक संजीव चांदना के नेतृत्व में एसपी से मिले व्यापारियों ने कहा कि सभी बसों का आवागमन बरेली कॉलेज गेट की तरफ से होने से जाम लगता है। उन्होंने कहा के बसें नॉवल्टी चौराहे से रोडवेज जाएं और बरेली कॉलेज गेट होते निकल जाएं तो जाम नहीं लगेगा। सिकलापुर चौराहे से बस अड्डे की ओर ई-रिक्शा और टेंपो पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

ई रिक्शा और टेंपो बस अड्डे पर नॉवल्टी चौराहे होकर जाएं। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष कुलभूषण बग्गा, महामंत्री राजन गुप्ता, अरुण भसीन जितेंद्र साहनी, राहुल अग्रवाल राजीव कथूरिया आदि रहे।

# नाले साफ करने में फिर खानापूरी...मुश्किल में ही गुजरेगी बरसात

## जिन नालों की सफाई का दावा, वे भी अटे हुए हैं गंदगी और सिल्ट से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मानसून से पहले नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा हवाई नजर आ रहा है। नालों की सफाई की खानापूरी कर ऊपर पड़ा कचरा ही निकाला जा रहा है, उनकी अच्छी तरह सफाई कर पानी का प्रवाह बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिन नालों की ऐसी सफाई हुई है, वे सिल्ट की वजह से चोक हैं। इससे साफ है कि शहर के लोगों को इस साल भी बरसात में दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा।

हर साल अप्रैल में सफाई की जाती थी और बारिश के पहले काम पूरा हो जाता था। चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से इस बार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने देर से शहर के छोटे और बड़े 229 नालों की सफाई शुरू की है, लेकिन तलीझाड़ सफाई नहीं की जा रही है। कुछ दिनों पहले पीलीभीत बाईपास, सेटेलाइट बस अड्डा के पास बड़े नाले की सफाई की गई है। नाले से कचरा निकाला गया लेकिन दो दिन बाद फिर वही हाल हो गया। यही हाल सुभाष नगर की राजीव कॉलोनी, बदायूं रोड और तिलक कॉलोनी का है।



नगर निगम के रिकॉर्ड में साफ हो चुका है तिलक कॉलोनी का नाला। ● अमृत विचार

# राजेंद्रनगर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में सीवर लाइन 14 दिन से चोक, सड़क पर भरा पानी

- डीएम से शिकायत करने पहुंचे लोगों ने कहा, सुन नहीं रहे नगर निगम के अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में 14 दिन से सीवर लाइन चोक होने की वजह से सड़क पर जलभराव हो रखा है। शिकायत पर भी समस्या का समाधान न होने पर लोगों ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से समस्या के समाधान की मांग की है। जिलाधिकारी ने सहायक नगर आयुक्त को समस्या दूर कराने के आदेश दिए हैं।

पीडब्ल्यूडी कॉलोनी राजेंद्र नगर निवासी रश्मि सिंह, प्रियंका, मुक्ता गुप्ता, गायत्री, शांति देवी आदि लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी आवास विकास के पास सीवर लाइन पिछले करीब 14 दिन से चोक है। इसकी वजह से सड़क पर गंदा पानी भर रहा है। समस्या को दूर कराने के लिए केयर टेकर उमेश सक्सेना और संबंधित सफाई कर्मचारी को कई बार फोन किया गया लेकिन कोई नहीं आया। इस पर शनिवार को जिलाधिकारी के यहां शिकायत की। शिकायती पत्र के साथ मौके की फोटो भी उपलब्ध कराई गई है।

# गर्मी और चुनाव में बसें जाने से घटी रोडवेज की आय

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और चुनाव में बसें जाने की वजह से रोडवेज की आय पर भी असर पड़ा है। रुहेलखंड डिपो की जहां मार्च और अप्रैल में रोजाना 27 लाख रुपये आय थी जो मई में घटकर 21 से 22 लाख रुपये ही रह गई है।

गर्मी की वजह से यात्री बसों में कम सफर कर रहे हैं। पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर सन्नाटा रोजाना कम ही यात्री नजर आते हैं। बरेली रीजन के रुहेलखंड डिपो की बसों में जहां रोजाना 19 से 20 हजार यात्री सफर कर रहे थे वहीं मई में संख्या 15 से 16 हजार रह गई है। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि गर्मी में यात्रियों की संख्या कम हुई है। इसके अलावा 50 से अधिक बसें लोकसभा चुनाव में लगी हुई हैं, इससे भी आय पर असर पड़ा है।

# एसी कोच का टिकट बुक कराया फिर भी गर्मी में पसीना बहाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कटरा से आई समर स्पेशल ट्रेन में एसी कोच लगाना भूला रेलवे
- गर्मी में पसीना बहाते हुए स्लीपर कोच में करना पड़ा सफर

**अमृत विचार :** रेलवे ने यात्रियों से एसी कोच का किराया तो वसूल लिया लेकिन ट्रेन में एसी कोच ही नहीं लगाए। एसी का टिकट लेने वाले तमाम यात्रियों को भीषण गर्मी में कटरा से बरेली तक स्लीपर कोच में यात्रा करनी पड़ी। जंक्शन पर भी एसी कोच न मिलने पर यात्रियों ने दो बार चेन पुलिंग की। एक्स पर शिकायतें भी की गईं। कई यात्रियों को बरेली में अतिरिक्त किराया वापस किया गया।

बरेली जंक्शन पर दोपहर करीब 1 बजे 04680 श्री माता वैष्णो देवी- गुवाहटी समर स्पेशल ट्रेन पहुंची थी। इससे उतरे यात्रियों ने रेलवे की अव्यवस्था का खुलासा किया। राजीव कुमार ने एक्स पर भी शिकायत की कि उनके भाई को परिवार के साथ बरेली से बरौनी जाना है। ट्रेन के बी-1 कोच में एक, दो, और चार नंबर बर्थ बुक थीं लेकिन ट्रेन में एसी कोच ही नहीं लगा है। डीआरएम मुरादाबाद की तरफ से यह मामला डीआरएम अंबाला पर टाल दिया गया। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जहां से ट्रेन चलती है वहीं से ही कोच लगकर आते हैं।

अपने बेटे कृष्ण कुमार और बहू पायल को स्टेशन लेने पहुंचे राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश मेहता ने बताया कि उनके बेटे ने 04680 श्री माता वैष्णो देवी कटरा- गुवाहटी समर स्पेशल में थर्ड एसी में आरक्षण कराया था लेकिन ट्रेन में कटरा से ही एसी कोच नहीं लगा। नाराजगी जताने पर उन्हें रसीद बनाकर दी गई। इसी आधार पर बरेली आकर तीन टिकटों पर 2600 रुपये लौटाए गए हैं। कृष्ण कुमार ने बताया कि एसी कोच की जगह स्लीपर लगा दिए गए थे। कटरा में रेलवे अधिकारियों ने बताया था कि किसी दूसरी ट्रेन में एसी कोच लगा दिए गए हैं।

# केमिकल से पकाए जा रहे फलों के भी सैंपल लिए जाएं

**बरेली, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने केमिकल से पकाए जा रहे फलों के सैंपल लिए जाने की मांग को लेकर शनिवार को सहायक खाद्य आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना की अगुवाई में पदाधिकारी सहायक खाद्य आयुक्त अपूर्व श्रीवास्तव से मिले। उन्हें बताया कि बाजार में केमिकल से फल पकाए जा रहे हैं। उनमें रंग भरा जा रहा है। इन फलों को लोग खा रहे हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हैं। सैंपलिंग में ऐसे फलों को भी शामिल किया जाए। कहा कि विभाग त्योहार पर भी मिठाई और नमकीन के चुनिंदा प्रतिष्ठानों से सैंपल लेकर शांत हो जाता है। गर्मियों में तरबूज, खरबूज, केला, आम की बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है। कई जगह कटे फल बेचे जा रहे हैं, लेकिन अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी, प्रतेश पांडेय, अमरजीत बक्शी, अश्वनी ओबरॉय, मनोज अरोरा, राजा सेठ, कपिल श्रीवास्तव, दानिश जमाल आदि मौजूद रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
विगत 14 वर्षों की सफलता के साथ.....सिविल सेवा परीक्षा के लिये समर्पित बरेली का सर्वोत्तम संस्थान
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS नये बैच शीघ्र प्रारम्भ अब रामपुर गार्डन में
उपदेश कुमार (डिप्टी जेलर) उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849 FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. ए.एन.एम. ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

www.anacollege.org
ANA Group of Institutions
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM
•B.Pharma •D.Pharma
•Polytechnic •M.Tech
•B.Tech •M.B.A.
•B.B.A. •B.C.A.
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024-25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# प्रचंड गर्मी में 72 घंटे तक बिजली संकट... सबस्टेशन में घुसकर एसएसओ को उठा ले गई गुस्साई भीड़

## रात में सुभाषनगर के लोगों ने किया कई बार हंगामा, सुबह सबस्टेशन में ताला डालकर बदायूं रोड पर जाम लगाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बृहस्पतिवार से बना हुआ था बिजली संकट, ओवरलोडिंग से कई बार हुए फाल्ट
- पुलिस ने एसएसओ को छुड़ाकर सबस्टेशन का ताला खुलवाया जाम खुलवाने को भी जूझी

**अमृत विचार :** सुभाषनगर में बृहस्पतिवार को शुरू हुआ बिजली संकट शनिवार तक दूर नहीं हो पाया तो भीषण गर्मी से परेशान लोगों के सब्र का बांध टूट गया। शुक्रवार को पूरी रात गर्मी और अंधेरे में काटने के बाद भीड़ शनिवार सुबह सबस्टेशन पर टूट पड़ी। यहां से एसएसओ को उठाकर सबस्टेशन पर ताला डाल दिया और उसे बदायूं रोड पर ले जाकर जाम लगा दिया। पुलिस ने भारी मशक्कत कर एसएसओ को भीड़ से छुड़ाकर सब स्टेशन का ताला खुलवाया लेकिन गुस्साए लोगों ने करीब एक घंटे तक जाम लगाए रखा।

सुभाषनगर सबस्टेशन पर ओवरलोडिंग की वजह से से तीन दिनों से बिजली संकट बना हुआ है। परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी की लाइन में फाल्ट होने से बृहस्पतिवार की दोपहर से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रही थी। इसके बाद शुक्रवार दोपहर में बीडीए टू कॉलोनी के पास भूमिगत लाइन में फाल्ट होने से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही। इसके बाद रात में लोकल फाल्ट से भी मारुति विहार, बीडीए कॉलोनी, प्रगतिनगर, इफको कॉलोनी, विवेक विहार, ग्रीन वैली, तिरुपति विहार, गणेशनगर और गंगानगर समेत कई इलाके अंधेरे में डूबे रहे।

बिजली न आने के कारण हजारों लोगों को पूरी रात जागते हुए और पसीना बहाते हुए काटनी पड़ी। गुस्साए लोग पहले देर शाम और फिर आधी रात के बाद सुभाषनगर सबस्टेशन पर पहुंचे लेकिन वहां मौजूद स्टाफ ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया तो कुछ देर हंगामा करके लौट गए। शनिवार सुबह भीड़ फिर सुभाषनगर स्टेशन पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर नोकझोंक के बाद भीड़ सब स्टेशन पर मौजूद एसएसओ (सब स्टेशन ऑपरेटर) सुनील को उठाकर बदायूं रोड पर ले आई।

एसएसओ को उठाने की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। जैसे-तैसे एसएसओ को भीड़ के कब्जे से छुड़ाया। लेकिन इसी बीच भीड़ ने बदायूं रोड पर सीढ़ी लगाकर जाम लगा दिया। एक घंटे तक जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे। पुलिस ने जाम खुलवाने की कोशिश की तो लोगों से जमकर नोकझोंक हुई। बमुश्किल लोगों को सड़क से हटाकर पुलिस ने जाम खुलवाया।

### भीड़ के खिलाफ एसएसओ देंगे तहरीर

सुभाषनगर एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि लोकल फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। जिससे नाराज भीड़ शनिवार की सुबह एसएसओ सुनील को उपकेंद्र से उठाकर बदायूं रोड तक ले आई। एसएसओ की तरफ से इस मामले में सुभाषनगर थाने में तहरीर दी जाएगी।

> सुभाषनगर में ओवरलोडिंग होने से दिक्कत हो रही है जिसके समाधान के लिए अधिकारियों को लगाया गया है। जल्द ही समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। -अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अधीक्षण अभियंता शहर


सुभाषनगर सब स्टेशन में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार


सुभाषनगर में बिजली संकट से नाराज लोगों ने सीढ़ी लगाकर बदायूं रोड पर लगाया जाम। ● अमृत विचार

### कटघर में ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद गुल हुई बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** किला सबस्टेशन से जुड़े कटघर क्षेत्र में शुक्रवार की रात ट्रांसफार्मर में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। शनिवार सुबह ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की गई। इसके अलावा शुक्रवार रात शाहदाना क्षेत्र के घेर जाफर खां में ट्रांसफार्मर के बुश खराब होने पर कई घंटे तक बिजली का संकट बना रहा। वहीं हरुनगला डिवीजन के सनराइज फेस टू में बंच केबल में आग लगने से फीडर बंद हो गया और रात साढ़े 11 से 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके साथ ही सतीपुर में लोकल फाल्ट से भी एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कटरा चांद खां, बालजती, पुराने शहर, जगतपुर, हजियापुर, नकटिया आदि क्षेत्रों में भी पूरी रात ट्रिपिंग से लोग परेशान हुए। लोगों ने बिजली विभाग को फोन भी किए लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। लोगों का कहना है रात में बिजली संकट होने से नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है।


जाम खुलवाने पहुंची पुलिस से लोगों की हुई जमकर नोकझोंक। ● अमृत विचार

## गर्मी लेगी और इम्तहान, चार दिन रहेगा पारा 44 पार, वार्म नाइट का भी अलर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी से इस सप्ताह राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने वार्म नाइट के साथ अगले चार दिन तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान जताया है। 28 मई को तापमान 45 डिग्री तक जा सकता है। जून के शुरुआती दो दिन में बारिश के आसार हैं।

आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 41.7 और न्यूनतम 2.3 डिग्री अधिक 28 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम को आंधी से मौसम बदला, लेकिन गर्मी से बहुत अधिक राहत नहीं मिली।

ऐसे गुजरेंगे अगले 6 दिन

| तारीख | न्यू.पारा | अधि.पारा |
|---|---|---|
| 26 मई | 29 | 44 |
| 27 मई | 29 | 44 |
| 28 मई | 29 | 45 |
| 29 मई | 27 | 43 |
| 30 मई | 27 | 43 |
| 31 मई | 27 | 42 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ग्रीन हाउस प्रभाव की वजह से ज्यादा गर्मी पड़ रही है। औसत से कम बारिश होने से वातारण में धूल, प्रदूषण और गैसों की परत बन गई है, जिसे पार कर सूरज की गर्मी पृथ्वी पर आ रही है। बारिश होने के बाद वातावरण साफ हो जाएगा और गर्मी कम हो जाएगी। आने वाले दिनों में औसतन अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री और न्यूनतम 27 से 29 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है।

**यह है वार्म नाइट** मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जब दिन के तापमान के साथ रात के तापमान में भी असामान्य तेजी आती है तो इसे वार्म नाइट कहा जाता है। ऐसी स्थिति में रात का तापमान 30 डिग्री या उससे अधिक होने लगता है।

## लखनऊ से फटकार पड़ी तब समस्या दूर करने में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ओवरलोड की समस्या दूर करने के लिए अब मढ़ीनाथ सब स्टेशन से जोड़ी जाएगी लाइन

**अमृत विचार :** सुभाषनगर में बिजली कटौती की शिकायतें बिजली विभाग के लखनऊ मुख्यालय में अधिकारियों के पास पहुंचीं। लखनऊ से फटकार के बाद शनिवार को जिले के अधिकारी हरकत में आए और पूरे दिन सब स्टेशन पर ही रहकर समस्या का समाधान करने में जुटे रहे।

शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अधिशासी अभियंता अमित कुमार आनंद, अनुज गुप्ता के साथ एसडीओ सिविल लाइंस विजय कुमार कन्नौजिया और सुभाषनगर एसडीओ ने सुभाषनगर उपकेंद्र पर बैठकर कार्ययोजना बनाई। अधिकारियों की जांच में पाया गया कि ओवरलोड होने की वजह से लोकल फाल्ट हो रहे हैं।

इसके बाद परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी की लाइन को चेक कराकर उसकी कमियां दूर कराई गईं। वहीं कुछ कॉलोनियों को मढ़ीनाथ सब स्टेशन से जोड़ा गया ताकि इलाके में बेहतर बिजली मिल सके। इसके अलावा सुभाषनगर उपकेंद्र की कमियां भी दूर करने का काम शुरू किया गया। सुभाषनगर की कुछ कॉलोनियों को नेकपुर फीडर से भी जोड़ा गया है ताकि ओवरलोडिंग की समस्या न हो।

अधिकारियों ने उपकेंद्र पर तैनात स्टाफ को निर्देश दिए हैं कि अगर कहीं से भी लोकल फाल्ट की समस्या आती है तो तुरंत ही एसडीओ और जेई को जानकारी देकर समस्या का समाधान कराया जाए। समस्या का समाधान न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को पेश न करने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने जताई आपत्ति

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन पीड़िता को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किए बगैर ही उसे जेल भेज दिया। समिति के अध्यक्ष ने इस पर आपत्ति जताई है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने बताया कि पॉक्सो या किशोरों और बच्चों से संबंधित किसी भी आपराधिक मामले में विवेचक की ओर से कानूनी प्रावधानों के तहत पीड़ित को समिति के समक्ष पीड़ित को पेश करना चाहिए लेकिन बहेड़ी के सीओ ने अनुसूचित जाति की किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म एक ताजा मामले में इसका उल्लंघन कर दिया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी तो कर ली लेकिन पीड़िता को समिति के समक्ष पेश नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि सीओ बहेड़ी पहले भी ऐसा कर चुके हैं।

### अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर टीम ने मारा छापा अस्पताल भी निकला अवैध

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हाफिजगंज में अल्ट्रासाउंड सेंटर पर शुक्रवार को छापा मारा। टीम ने जब जांच की तो पाया कि जिस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड चल रहा है, वह अस्पताल ही अवैध है। टीम रविवार को अस्पताल को सील करेगी। झोलाछाप सेल के प्रभारी डॉ. लईक अहमद अंसारी ने बताया कि सूचना पर टीम ने हाफिजगंज के ए प्लस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारा तो पता चला कि अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना पंजीकरण के चल रहा था। इसके अलावा अस्पताल का भी पंजीकरण नहीं है। ऐसे में रविवार को अवैध अस्पताल को भी सील किया जाएगा।

### मीरगंज में अवैध पैथोलॉजी लैब को किया सील

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने मीरगंज में बिना पंजीकरण चली रही पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया है। लैब पिछले कई महीने से बिना लाइसेंस और पंजीकरण के चल रही थी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सूचना पर कौर लैब का निरीक्षण किया तो पाया कि लैब में बिना किसी आधिकारिक अनुमति और मान्यता के परीक्षण किए जा रहे थे। इसके अलावा कार्यरत कर्मचारी भी बिना योग्यता और प्रशिक्षण के काम कर रहे थे। डॉ. लईक अंसारी ने बताया लैब स्वास्थ्य मानकों का पालन नहीं करने पर लैब को सील कर दिया है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अवैध रूप से चलने वाली लैबों का निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसपोर्टनगर में अक्टूबर तक पूरा होगा फायर स्टेशन

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर में नया फायर स्टेशन अक्टूबर तक बनकर तैयार होगा। बीडीए वीसी मानिकनंदन ए ने शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर में निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामगंगा नगर में रामायण वाटिका और कार्यालय भवन का भी निरीक्षण किया।

ट्रांसपोर्ट नगर में जनवरी में फायर स्टेशन निर्माण शुरू हुआ था। फायर स्टेशन में लगभग छह करोड़ की लागत से तीन गाड़ियों के खड़े होने की जगह, कर्मचारियों के आवास और प्रशासनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान सचिव योगेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह, सहायक अभियंता पीके गुप्ता सहित आर्किटेक्ट सुमित अग्रवाल मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर संदेश कनौजिया पर प्रॉपर्टी डीलर से रंगदारी मांगने और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

## छह और लोग नामजद, जमीन की खरीद में अड़ंगा डालकर 16 लाख रुपये भी हड़पे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रापर्टी डीलर की पत्नी ने हिस्ट्रीशीटर समेत छह पर कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक प्रापर्टी डीलर की पत्नी की एसएसपी से की गई शिकायत पर 24 दिन बाद हिस्ट्रीशीटर संदेश कनौजिया समेत आधा दर्जन लोगों पर मारपीट, धोखाधड़ी, रंगदारी समेत गंभीर धाराओं में थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

महानगर कॉलोनी 36-उज्जवल फेस में रहने वाली प्रीति जादौन के अनुसार उनके पति प्रवेश कुमार उर्फ राधे कामाख्या बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। आरोप है कि पति ने किसानों की जमीन खरीदने के लिए ओमकार सिंह वाल्मीकि के साथ इकरारनामा कराया था। पति ने इसके लिए ओमकार सिंह को 16 लाख रुपये का चेक दिया था। जमीन न दिलाने पर यह रकम ओमकार सिंह को उनके पति को वापस करनी थी। 13 मई 2017 को इस संबंध में ओमकार सिंह ने शपथपत्र उनके पति के नाम दिया था।

आरोप है कि उनके पति को बगैर बताए ओमकार ने रकम बिथरी के गांव कचौली निवासी हिस्ट्रीशीटर संदेश कनौजिया को दे दी। संदेश ने उनके पति पर दबाव बनाकर अपनी पत्नी अरुणा कनौजिया को उनके पति की कंपनी में जबरन डायरेक्टर बना दिया।

रकम भी वापस नहीं की। उनके पति ने ग्राम बालीपुर में भी किसानों से जमीन का सौदा किया था। गांव के करीब रहने के कारण संदेश उनकी जमीन को बिकने नहीं दे रहा है। जमीन के हर सौदे में रंगदारी मांग रहा है। न देने पर पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने महानगर कॉलोनी निवासी ओमकार सिंह वाल्मीकि, संदेश कनौजिया, बारादरी के दीपक शर्मा, रवि पटेल, शिवनंदन, विनोद कन्नौजिया और मुकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पति को पीटा, बच्चों को स्कूल से उठवाने की धमकी

प्रीति का आरोप है कि कुछ दिन पहले पति प्रवेश कुमार को संदेश कनौजिया ने रकम वापस करने के बहाने सनराइज स्थित अपने कार्यालय पर बुलाया। वहां पति को बंधक बनाकर रखा। विरोध करने पर पीटा। प्रीति के मुताबिक उनके दो बच्चे हैं, जो एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। आरोप है कि रंगदारी न देने पर संदेश ने उन्हें बच्चों को भी स्कूल से अगवा करा लेने की धमकी दी है। इसके बाद वह बच्चों को स्कूल नहीं भेज रही हैं।

# अपनी ही खुशियां सबकुछ बेटियों को यही सबक देकर कभी न लौटने के लिए चली गई मां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 10 दिन से भूखी-प्यासी बच्चियों को मकान मालकिन ने पुलिस को सौंपा
- महीने भर पहले ही हुई थी पिता की मौत, बाल शिशु गृह भेजी गईं दोनों

**अमृत विचार :** नौ और सात साल की दो बहनों को अगर कभी अपनी मां की कोई सीख याद रहेगी तो शायद यही कि जीवन में अपनी ही खुशियां सबकुछ होती हैं। मां ने उनके साथ किया भी यही, पति की मौत के महीने भर के ही अंदर वह उन्हें किराए के घर में अकेला छोड़कर न जाने कहां चली गईं। दोनों बच्चियां दस दिन भूखी-प्यासी रहकर मां के लौटने का इंतजार करती रहीं लेकिन वह नहीं लौटी। आखिर बुजुर्ग मकान मालकिन ने उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया जो बाल कल्याण समिति के आदेश पर उन्हें रामपुर के राजकीय बाल शिशु गृह छोड़ आई।

घटना सुभाषनगर के शांति विहार इलाके की है। मां के होते हुए बतौर लावारिस बाल कल्याण समिति के सामने पेश हुई दोनों बच्चियों के मुताबिक उनका परिवार किराए के मकान में रहता था। पिता जीवित रहने तक छोटा-मोटा धंधा करते थे लेकिन करीब एक महीने पहले अचानक बीमार होने के बाद उनकी मौत हो गई। इसके बाद मां ने कुछ घरों में कामकाज करके अपना घर चलाना शुरू कर दिया लेकिन 10 दिन पहले वह अचानक काम पर जाने की बात कहकर घर से निकली तो फिर नहीं लौटी। घर में कुछ खाने को भी नहीं था। कई दिन वे लोग भूखी रहीं। करीब 76 वर्षीय मकान मालकिन ने तरस खाकर कुछ दिया तो खा लिया।

दस दिन बाद भी महिला नहीं लौटी तो मकान मालकिन ने पुलिस को बुलाकर दोनों को उसके सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने लिखापढ़ी करने के बाद दोनों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया जिसके बाद उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। समिति ने दोनों का आयु परीक्षण कराने के बाद उन्हें रामपुर के राजकीय बाल शिशु गृह भेजने का आदेश दिया।

### सिर्फ इतना पता है, चाचा के साथ चली गई मम्मी

पुलिस के मुताबिक बच्चियों ने पूछताछ में बताया कि उनकी मां चाचा के साथ गई है। चाचा कौन है और कहां रहता है, यह नहीं बता पाईं। यह भी पता चला कि महिला पति की मौत से पहले तक कहीं और रहती थी। शांति विहार में उसने बच्चियों को छोड़कर जाने से सिर्फ एक दिन पहले ही दूसरा किराए का घर लिया था। मकान मालकिन ने पुलिस को बताया कि उन्हें बच्चियों पर तरस आ रहा है लेकिन वृद्ध होने के कारण वह उनकी देखभाल नहीं कर सकतीं।

# राजधानी एक्सप्रेस का एसी खराब गर्मी में उबले यात्रियों का हंगामा

- यात्री बोले-दिल्ली से ही खराब एसी कोच लगाया गया था
- दो घंटे बाद दूसरा कोच लगाकर ट्रेन को किया गया रवाना

**बरेली, अमृत विचार :** राजधानी एक्सप्रेस का एसी खराब होने पर यात्रियों ने बरेली जंक्शन पर जमकर हंगामा किया। गर्मी से परेशान यात्रियों ने एक्स पर शिकायतें कीं। ट्रेन जंक्शन पर थोड़ी देर रुकने के बाद चली तो यात्रियों ने चेनपुलिंग कर दी और एसी ठीक करने के बाद ही ट्रेन चलाने की मांग पर अड़ गए। करीब दो घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर रुकी रही। दूसरा कोच लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

20504 नई दिल्ली डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस शाम पांच बजे बरेली जंक्शन पर रुकी। यात्रियों का आरोप था कि ट्रेन के कोच संख्या ए-1 द्वितीय श्रेणी में दिल्ली से ही एसी काम नहीं कर रहा था। इस कोच के अंदर 50 से ज्यादा यात्री सवार थे। यात्रियों ने मामले की जानकारी 139 पर की तो दिल्ली से लेकर बरेली के बीच एसी ठीक नहीं किया गया। मुरादाबाद में भी आधा घंटा के आसपास ट्रेन रोकी, लेकिन बिना एसी ठीक किए ट्रेन को चला दिया। ट्रेन एंड लाइटिंग विभाग के स्टाफ ने मुरादाबाद से एसी को ठीक करने का काफी प्रयास किया गया। बरेली जंक्शन पर आने के बाद भी एसी ठीक नहीं हुआ। फिर दूसरा कोच लगाकर शाम सात बजे ट्रेन को रवाना किया गया।


जंक्शन पर राजधानी एक्सप्रेस का एसी खराब होने से परेशान यात्री। ● अमृत विचार

### डाउन लाइन पर कई ट्रेनें प्रभावित

दो घंटे तक राजधानी एक्सप्रेस जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर खड़े रहने से डाउन लाइन की ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को प्लेटफार्म दो से गुजारा गया। वहीं, अप लाइन की ट्रेनों को दो की जगह प्लेटफार्म तीन से गुजारा गया। डाउन लाइन प्रभावित होने से यह ट्रेनें भी लेट हो गईं। सम्राट बनर्जी ने बताया कि दिल्ली से ही ट्रेन का एसी खराब था। राजधानी एक्सप्रेस की यह हालत है तो अन्य ट्रेनों का क्या हाल होगा। अतीश यादव नाम के यात्री ने बताया कि दिल्ली से ही हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल किया, लेकिन जवाब यही आता रहा कि अगले स्टेशन पर एसी ठीक कर देंगे। बरेली में एसी ठीक किया जा रहा है। बताया कि गर्मी में ट्रेन के अंदर ऑक्सीजन की कमी होने से सांस लेना मुश्किल हो गया।

# वाटर कूलर के पास गंदगी देखकर डीएम नाराज

- कलेक्ट्रेट और कोषागार का किया निरीक्षण, नए वाटर कूलर लगाने के आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट और कोषागार परिसर का निरीक्षण किया। परिसर में वाटर कूलर के पास गंदगी देख उनका पारा चढ़ गया। बोले कि, जो व्यक्ति गंदगी फैलाता है, उस पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई करें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

डीएम ने कलेक्ट्रेट में आने वाले लोगों को पानी को लेकर समस्या न हो, इसके लिए नए वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट में कई वाटर कूलर खराब पाए गए, जिन्हें जल्द सही कराने के आदेश दिए। कोषागार स्थित वाटर प्यूरीफायर देखकर कहा कि इसे सही कराएं या फिर निष्प्रयोज्य करा दिया जाए। एडीएम प्रशासन दिनेश आदि अफसर मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

# पितांबरपुर क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेलवे ने जारी की एनओसी, 52 करोड़ से बनेगा 500 मीटर लंबा रेलवे ओवरब्रिज
- सेतु निगम की टीम ने शुरू की पुल की डिजाइन और ड्राइंग बनाने की प्रक्रिया

**अमृत विचार :** लंबी जद्दोजहद के बाद फरीदपुर-बुखारा मार्ग के पितांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर टू लेन आरओबी (रेल ओवरब्रिज) के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। रेलवे से एनओसी मिलने के बाद चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। डेढ़ साल के अंदर निर्माण पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। इस रोड पर जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को आरओबी बनने के बाद बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

फरीदपुर की पीतांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग से भारी संख्या में लोगों की बदायूं और फरीदपुर हाईवे की ओर आवाजाही होती है। दिन भर ट्रेन और मालगाड़ियों के गुजरने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग के बार-बार बंद होने की वजह से अक्सर यहां जाम लगा रहता है। इसी समस्या के कारण वर्ष 2019-20 में आरओबी का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसे मंजूरी मिलने के बाद शासन से का बजट भी मिल गया था।

करीब 500 मीटर के दायरे में बनने वाले आरओबी का एस्टीमेट करीब 52 करोड़ का है। पहली किस्त भी कार्यदायी संस्था सेतु निगम को दे दी गई है। पिछले साल 1 अप्रैल को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने आरओबी का शिलान्यास कर चुके हैं। निर्माण की समयसीमा 11 महीने तय की गई थी लेकिन रेलवे की एनओसी न मिलने के कारण इसकी शुरुआत ही नहीं हो पा रही थी। अब रेलवे ने आरओबी के निर्माण के लिए एनओसी जारी कर दी है। सेतु निगम के अधिकारियों के मुताबिक निर्माण शुरू कराने की प्रक्रिया चालू हो गई है। चार जून के बाद निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। आरओबी का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

> रेल वर्क्स प्रोग्राम में प्रस्ताव शामिल न होने से निर्माण रुका हुआ था। अब रेलवे की एनओसी मिल गई है। चार जून के बाद निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। लखनऊ मुख्यालय की टीम ने आरओबी की डिजाइन और ड्राइंग बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। – अरुण गुप्ता, डीपीएम सेतु निगम

# एयरपोर्ट के पास पांच अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

## बीडीए ने चलाया अभियान, 86 बीघा में हो रहा था निर्माण



धौरेरा माफी में अवैध निर्माण को ध्वस्त करता बीडीए का बुलडोजर।

**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए के प्रवर्तन दल ने शनिवार को एयरपोर्ट के पास पीलीभीत रोड पर 86 बीघा क्षेत्रफल में बन रही पांच अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

धौरेरामाफी में लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में राकेश और धीरसिंह बरेली विकास प्राधिकरण की अनुमति के बिना कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। इसी क्षेत्र में अर्जुन कुमार आठ बीघा क्षेत्रफल में, वीरपाल पटेल और महमूद खां लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। टीम ने सभी पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

इसके अलावा खजुरिया घाट पर आठ बीघा क्षेत्रफल में नेत्रपाल वकील, सुबोध शर्मा और रवि पटेल लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में कॉलोनी बस रहे थे। इन पर भी बुलडोजर चला दिया गया। बीडीए अफसरों का कहना है कि कोई भी व्यक्ति निर्माण या प्लाटिंग करता है तो उसे बीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराना जरूरी है। मानचित्र के बगैर प्लाटिंग या निर्माण करना अवैध है। ऐसे निर्माणों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# कैंसर पीड़ित शिक्षिका ने की उत्पीड़न की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** रिक्खी सिंह इंटर कॉलेज में कार्यरत प्रवक्ता ममता त्रिपाठी ने शनिवार को डीआईओएस को पत्र देकर उत्पीड़न और प्रोन्नत वेतनमान नहीं लगाने की शिकायत की है।

शिक्षिका ने बताया कि विद्यालय में आए दिन उन्हें अवकाश सहित तमाम कारणों से सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद भी उनकी छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाती। वह करीब 13 साल से ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। अक्सर उपचार और जांच के लिए लखनऊ जाना पड़ता है। बताया कि 2020 में पदोन्नति होने के बाद से नियमानुसार उनका वेतन निर्धारण भी नहीं हुआ है। स्कूल से जरूरी दस्तावेज नहीं भेजे जाते हैं। वह डीआईओएस कार्यालय में भी कई बार दस्तावेज जमा करा चुकी हैं। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि शिक्षिका की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। सभी शिकायतों का बिंदुवार जांच कर निस्तारण होगा।

## दो भाइयों ने दी युवक को हत्या की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** दो भाइयों ने एक व्यक्ति को फोन कर हत्या करने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र के कुसुमनगर निवासी शिवकुमार ने बताया कि ग्राम कचौरी थाना बिथरी चैनपुर निवासी दो भाई मनोज और राजू ने 21 मई को उन्हें फोन किया। दोनों ने उनके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर धमकाया और कहा कि तेरी हत्या करने के लिए मुझे प्लाट ही क्यों न बेचना पड़े, तुझे छोड़ूंगा नहीं। शिवकुमार ने दोनों की कॉल रिकार्डिंग बिथरी थाना पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## ईंट से सिर पर हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन में ईंट से सिर में हमला कर हत्या की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी युवक को मरा समझकर नाली में फेंककर फरार हो गए थे। थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी सुरेश के मुताबिक उनका छोटा भाई राजकुमार बैग सिलाई का काम करता है। भाई का मोहल्ले के ही निखिल वाल्मीकि से पैसों के लेनदेन का विवाद चल रहा था। आरोप है कि निखिल ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 23 मई की रात राजकुमार के सिर में ईंट से कई बार प्रहार किए। उसकी गला दबाकर भी हत्या की कोशिश की और मरा समझकर खींच कर नाली के पास डाल दिया। उन्हें 24 मई की सुबह भाई को अस्पताल में भर्ती कराया। सुरेश की तहरीर पर पुलिस ने निखिल वाल्मीकि और उसके साथियों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चार लोगों ने युवक पर तलवारों से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में रंजिश में चार लोगों ने एक युवक पर तलवारों से हमला कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हजियापुर खजूर वाली मस्जिद निवासी मोहम्मदीन ने बताया कि शुक्रवार सुबह मोहल्ले में अशफाक, पप्पी, तौहीद और मुन्ना ने तलवारों और नल के लोहे के हत्थों से हमला कर दिया। उन्हें बचाने आए लोगों के साथ भी मारपीट की, जिसमें रिजवान, रिहान, मुजफ्फर और तसलीम गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पति ने पेट में मारी लात तीन माह का गर्भ गिरा

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला का आरोप है कि एक लाख रुपये और बाइक न मिलने पर ससुरालियों ने उसका उत्पीड़न किया। पति ने पेट में लात मारकर तीन माह का गर्भ गिरा दिया। मामले में बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र में रहने वाली इमराना का निकाह कसाई टोला निवासी महबूब कुरैशी के साथ 16 जुलाई 2023 को हुआ था। शादी में मिले दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि ससुराली दहेज में एक लाख रुपये और बाइक मायके से लाने का दबाव बना रहे थे। इस दौरान वह तीन माह की गर्भवती थी। पति ने पेट में लात मारी, जिससे उसका गर्भ गिर गया। 21 मई को ससुरालियों ने जेवर छीनकर उसे घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने पति, ससुर फारुख कुरैशी और सास मुन्नी के खिलाफ रिपोर्ट की है।

MAXLIFE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धु नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरियस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦आयुर्वेदिक अस्पताल ♦औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦शैक्षिक भवन एवं लाइब्रेरी ♦पूर्ण सुसज्जित लैब ♦वाई-फाई कैम्पस ♦बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें • दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन • हर्निया का ऑपरेशन • अपेंडिक्स का ऑपरेशन • पित्त की नली की पथरी • बवासीर, भगन्दर, फिशर • हाईड्रोसील • स्तन की गांठ का ऑपरेशन • पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) • पाइलोनाइडल साइनस • इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध है :-
आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# एलएलबी, एलएलएम, बीबीए की परीक्षाएं 43 केंद्रों पर होगी

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने किया केंद्र निर्धारण, 28 से शुरू होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। 28 मई से शुरू हो रहीं परीक्षाएं नौ जिलों के 43 केंद्रों पर होंगी।

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक बीबीए, बीसीए, बीलिब, एमलिब, पीजीडीसीए, बीकॉम वित्त एवं वित्तीय सेवा, एलएलएम, एलएलबी, बीएएलएलबी, बीएससी कृषि, एमएससी कृषि की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। बरेली में 13 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें बरेली कॉलेज में स्वकेंद्र समेत चार केंद्र बनाए गए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र देख सकते हैं।



### बीकॉम की छूटी हुई मिड टर्म परीक्षा 28 को

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीकॉम द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर और एमकॉम की द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की मेजय या वोकेशनल विषय की छूटी हुई मिड टर्म परीक्षाएं 28 मई को होंगी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए यह अंतिम अवसर है, इसके बाद परीक्षा नहीं होगी।

### बरेली कॉलेज में 1 जून से अवकाश घोषित, जारी रहेंगी परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने 1 जून से 10 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है, हालांकि इस दौरान परीक्षाएं पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जारी रहेंगी। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. पंपा गौतम ने शनिवार को आदेश दिया कि रुहेलखंड विश्वविद्यालय के निर्देश के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 जून से 10 जुलाई तक रहेगा। सभी शिक्षकों को निर्देश हैं कि विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित मुख्य परीक्षा, प्रयोगात्मक और मौखिकी परीक्षा के लिए जिन शिक्षकों को कार्य दिए गए हैं, वह निर्धारित तिथियों में परीक्षाएं अवश्य कराएं। इस दौरान जो शिक्षक परीक्षा या प्रवेश के दौरान ड्यूटी करेंगे, उन्हें एक के बदले एक प्रतिकर अवकाश दिया जाएगा।

## बच्चों के टीकाकरण के लिए यूविन पर नाम जोड़ने की सुविधा

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिशुओं के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए इंद्रधनुष अभियान के तहत टीकाकरण किया जा रहा है। अभियान में छूटे बच्चों के टीकाकरण के लिए अभिभावकों के लिए यूविन पोर्टल पर नाम जोड़ने की सुविधा दी गई है। बच्चे का नाम जुड़ने के बाद पोर्टल टीकाकरण के लिए मेसेज करेगा, जिसमें बताया जाएगा कि कब और कहां पर कैंप लगेगा, जहां बच्चे को टीका लगाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रशांत रंजन ने बताया कि इस पोर्टल पर अभिभावकों को मोबाइल नंबर से ओटीपी के जरिये लॉगिन करना होगा।

यूविन पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। पोर्टल पर पंजीकरण के बाद एएनएम को जानकारी मिलती है। एएनएम टीकाकरण के संबंध में पोर्टल पर जानकारी अपडेट करेंगी।

# छात्रवृत्ति में 30 फीसदी हिस्सा मांग रहा है कॉलेज का प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छात्रों ने डीएम से की शिकायत छात्रवृत्ति आने पर फीस बढ़ाने का भी लगाया आरोप

**अमृत विचार :** डीएम सर...! किसान का बेटा हूं। माता-पिता बुजुर्ग हैं। पढ़ाई का सारा खर्चा खुद ही उठाना पड़ रहा है। कॉलेज वाले छात्रवृत्ति का 30 फीसदी हिस्सा मांग रहे हैं। न देने पर परीक्षा नहीं देने पाने की धमकी देकर भगा दिया है। यह पीड़ा बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र अमित कुमार ने शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के सामने बयां की। अमित ने कहा कि राज श्री कॉलेज में उसने 2022 में दाखिला लिया था। 35 हजार फीस और परीक्षा फीस साथ में जमा करने की बात हुई थी।

वर्ष 2022-23 में छात्रवृत्ति नहीं आई। 2023-24 में छात्रवृत्ति आने पर अब कॉलेज वाले उसमें से 30 फीसदी शुल्क मांग रहे हैं। आरोप लगाया कि नहीं देने पर 15 हजार रुपये फीस बढ़ा दी है। कुछ ऐसी ही शिकायत इसी कॉलेज के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र प्रखर राज सिंह ने भी की। कहा कि 30 हजार प्रति वर्ष में दाखिल हुआ था। इस वर्ष कॉलेज ने 20 हजार रुपये फीस बढ़ा दी है। एचओडी से पूछने पर बताया गया कि शुल्क जमा करने के बाद ही उनकी उपस्थिति पोर्टल पर भरी जाएगी। इसकी वजह से छठे सेमेस्टर का फार्म नहीं भर पा रहे हैं। यही समस्या छात्र तुषार कुमार की भी थी। उसका कहना है कि 40 हजार में दाखिला होने के बाद छात्रवृत्ति आने पर 10 हजार रुपये बढ़ा दिए गए हैं। डीएम ने मामले में सीएमओ को जांच के आदेश दिए हैं।

> शिकायत करने वाले छात्रों की उपस्थिति पूरी नहीं हुई है। फार्म जमा करने के लिए संबंधित छात्रों से कहा गया है। सभी आरोप निराधार हैं।
> –**दुष्यंत माहेश्वरी**, रजिस्ट्रार, राज श्री कॉलेज

# कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पद ग्रहण नहीं कराने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईओएस के आदेश पर वरिष्ठ प्रवक्ता ममता कुमारी कार्यभार ग्रहण करने पहुंची थीं कॉलेज

**अमृत विचार :** डीआईओएस के आदेश पर वरिष्ठ प्रवक्ता ममता कुमारी शनिवार को कोहाड़ापीर स्थित कालका प्रसाद रामचंद्र कला केंद्र बालिका इंटर कॉलेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पद ग्रहण करने पहुंचीं लेकिन वहां उन्हें पद ग्रहण कराने के लिए प्रधानाचार्य और प्रबंधक मौजूद नहीं थे। कमरों में ताला लटका था। उनका आरोप है कि प्रबंधन ने अपने चहेते शिक्षक को मनमाने तरीके से प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंप रखा। जबकि वह वरिष्ठ हैं।

ममता कुमारी ने जूनियर शिक्षक को कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाने की शिकायत शिक्षा निदेशक से की थी। उन्होंने डीआईओएस के माध्यम से वरिष्ठ प्रवक्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण कराने के लिए प्रबंधक को निर्देशित किया था। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि शिक्षिका को कार्यभार ग्रहण कराने में यदि किसी प्रकार की लापरवाही प्रबंधन की ओर से पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ममता कुमारी ने बताया कि वह सोमवार को दोबारा कॉलेज जाएंगी। यदि उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया तो शिक्षा निदेशक से शिकायत की जाएगी। बताया कि 18 दिन तक निलंबन की कार्रवाई का सामना करने के बाद उन्हें शनिवार को बहाल कर दिया गया।

कॉलेज की प्रधानाचार्य दीपा शर्मा ने बताया कि शिक्षिका को कार्यभार ग्रहण कराने संबंधी डीआईओएस का कोई आदेश उन्हें नहीं मिला है। सोमवार को आदेश मिलने पर इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

## मानव अधिकार संरक्षण पर किया शोध

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शोध छात्र कमल किशोर की पीएचडी की मौखिकी हुई। कमल किशोर ने सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के मानव अधिकार संरक्षण के लिए राज्य मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश की भूमिका-एक सामाजिक विधिक अध्ययन" पर शोध प्रो. एके सिंह संकायाध्यक्ष के निर्देशन में पूरा किया। शोधार्थी ने राज्यों में मानव अधिकार संरक्षण को लेकर सुझाव दिए। इसमें कर्मचारियों की आवश्यकता, मानव अधिकार संरक्षण अधिकारी के पद के सृजन और जांच कमेटी के सुदृढ़ीकरण का सुझाव दिए। बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो. मोहम्मद तारिक विधि विभाग अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी मौजूद थे। इस मौके पर विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, प्रो. गुरमीत सिंह, डॉ. शहनाज अख्तर, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, डॉ लक्ष्य लता, रविकर यादव, अनुष्का मूलचंदानी, राष्ट्रवर्धन, प्रवीन कृष्ण चौहान आदि मौजूद रहे।

# 15 फीसदी फीस वापसी आदेश का पालन नहीं करा पाया विभाग

- कोविड काल की स्कूल फीस के संबंध में उच्चतम न्यायालय ने दिए थे आदेश
- माध्यमिक शिक्षा विभाग के अफसरों ने ऐसे अभिभावकों से नहीं किया संपर्क

**बरेली, अमृत विचार :** कोरोना काल में स्कूल फीस वसूली मामले में उच्चतम न्यायालय ने करीब पांच महीने पहले निजी स्कूलों को छात्रों की 15 फीसदी फीस वापसी का आदेश दिया था, लेकिन माध्यमिक शिक्षा विभाग इस आदेश का पालन नहीं करा पाया। विभाग ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों से संपर्क तक नहीं किया, जबकि अभिभावक संघ की अगुवाई में कई बार अभिभावक डीआईओएस से फीस वापस कराने की मांग कर चुके हैं।

### अभिभावक बोले- स्कूल ने फीस वापस नहीं की

संजय नगर निवासी रणविजय सिंह ने बताया कि कोरोना काल के दौरान बेटा पास के ही निजी स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ता था। 15 फीसदी फीस वापसी के संबंध में कोर्ट से आदेश आने के बाद स्कूल से फीस वापसी की मांग की, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने साफ मना कर दिया। बीसलपुर रोड निवासी अभिभावक राजीव शर्मा ने बताया कि एक निजी स्कूल में उनकी बेटी पढ़ती है। फीस वापसी के संबंध में स्कूल प्रबंधन को पत्र लिखा, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### डीआईओएस बोले- सिर्फ एक शिकायत आई

जिला शुल्क समिति सचिव एवं डीआईओएस देवकी सिंह के अनुसार उनके पास सिर्फ एक छात्र फीस वापसी की शिकायत लेकर पहुंचा था। शिकायत के आधार पर स्कूल को पत्र जारी कर छात्र की फीस वापसी करा दी। यदि इस संबंध में और भी छात्र या अभिभावक शिकायत लेकर उनके पास आते हैं तो निश्चित रूप से कोर्ट के आदेशानुसार उनकी फीस वापसी कराई जाएगी।

### आरोप- डीआईओएस ने निजी स्कूलों को कोई आदेश नहीं दिया

अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष अंकुर सक्सेना का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद डीआईओएस की ओर से स्कूलों को कोई आदेश जारी नहीं किया। जबकि डीआईओएस जिला शुल्क समिति के सचिव भी हैं। इस संबंध में जल्द जिलाधिकारी से शिकायत की जाएगी।

### अभी कोर्ट में विचाराधीन है मामला

निजी स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष निर्भय बेनिवाल ने बताया कि ऑल इंडिया स्कूल फेडरेशन सहित देशभर के तमाम स्कूलों की ओर से मामले में फिर से जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। जिसका निर्णय 9 जुलाई को होना है। कोर्ट का जो भी निर्णय आएगा, उसका पालन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### नवनियुक्त चिकित्साधिकारियों का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवा संघ ने शनिवार को रोटरी भवन में कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त चिकित्साधिकारियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अमरदीप नायक ने चिकित्साधिकारियों से हमेशा चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त रखने में योगदान देने को कहा। यूनानी अधिकारी डॉ. अब्बास अली ने भी विचार रखे। डा. नेहा मिश्रा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. महेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. चंदन वैद्य, डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. शिव पूजन सिंह, डॉ. बृज भूषण, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. विश्वजीत, डॉ. तपिश, डा. जय प्रकाश आदि मौजूद रहे। जिले के विभिन्न राजकीय और यूनानी चिकित्सालयों को 15 नवनियुक्त चिकित्साधिकारी मिले हैं।

### यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**बरेली, अमृत विचार :** द शौर्य सोशल वेलफेयर सोसायटी ने शनिवार को जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत शहर में आदिनाथ चौक पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान चालकों को हेलमेट लगाने और सीटबेल्ट का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई। विशिष्ट अतिथि एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह और आरटीओ दिनेश कुमार सिंह ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। सोसायटी की संयोजिका डॉ. बिंदिया सक्सेना, अध्यक्ष सरताज बहादुर, सौरभ, हरवेंद्र, हर्षवर्धन, अरविंद, निशांत, नंदकिशोर, अमित, प्रीत, रचित मौजूद रहे।

### समर कैंप : बच्चों ने खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया



**बरेली, अमृत विचार :** नारायण ई टेक्नो स्कूल में शनिवार को समर कैंप शुरू हो गया। इस दौरान बच्चों ने योगा, खोखो, नृत्य, पेंटिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, कुकिंग विद आउट फायर आदि गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य भावना कौशिक, डीजीएम आशुतोष कुमार, एजीएम हर्षित कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों के मानसिक विकास के लिए हुई कार्यशाला

**बरेली, अमृत विचार :** अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल में बच्चों की याददाश्त, गणना गति और समग्र मस्तिष्क विकास के लिए 10 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कोऑर्डिनेटर दीपिका सैली के अनुसार कार्यशाला में बच्चों को अंगुलियों पर जोड़ना, घटाना आदि के बारे में जानकारी दी गई। गंगा चौहान, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सिल्क ऑफ इंडिया की सेल में उमड़ रहे खरीदार



**बरेली, अमृत विचार :** सिल्क ऑफ इंडिया ने एमवी इंटर कॉलेज में 9 जून तक के लिए बड़ी सेल लगाई है। जिसमें बंपर छूट दी जा रही है। सेल में तमाम लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। कोलकाता से आए शब्बीर अली ने सॉफ्ट, मूंगा, खादी, मटका, काठ, एक्स्ट्रा सिल्क आदि की साड़ियों के स्टॉल लगाए हैं। आजमगढ़ के जमाल ने रेशम की साड़ियों के स्टॉल लगाए हैं। बागपत के इंतजार अंसारी की स्पेशल बेडशीट भी लोगों को खूब लुभा रही है। मेरठ के फिरोज के पास मात्र 250 रुपये से कुर्ते की शुरुआत है। बुलंदशहर के शहजाद खुर्जा के पास स्पेशल क्राकरी आइटम हैं। अजमेर से आए रानू सिंह ने झूले, जंपिंग मशीन, पानी की नाव, बच्चों की गाड़ी, मिकी माउस आदि लगाए हैं।

### अलीना मिस और अंकित मिस्टर फेयरवेल बने

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शनिवार को एलएलएम साइबर की फेयरवेल पार्टी हुई। इसमें अंकित को मिस्टर और अलीना को मिस फेयरवेल चुना गया। जूनियर छात्रों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. लक्ष्यलता, नईमुद्दीन, रविकर यादव, अनुष्का मूलचंदानी, विद्यार्थी अभिषेक, अर्शी, रजनी, आशा, मेहविश, फरहीन, अमित, स्वप्निल, अमिता आदि मौजूद रहे।

### संतोष गंगवार की पत्नी के निधन पर शोक जताने आवास पर पहुंचे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना



**बरेली, अमृत विचार :** सांसद संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती का शुक्रवार सुबह निधन हो गया था। शनिवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सांसद के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवार को ढांढस बंधाया। मंत्री के साथ शाहजहांपुर सांसद अरुण सागर, उपसभापति अतुल कपूर, व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा, ज्ञानी काला सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनकल्याण के मुद्दे उठाकर सरकार का ध्यान खींचना है पत्रकारिता

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल ने कहा कि देवर्षि नारद त्रिलोक का भ्रमण करते हुए अनेक समस्याओं को देखते थे। वह इन समस्याओं के समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना करते थे। वर्तमान समय में पत्रकार भी जनकल्याण के मुद्दे उठाकर सरकार का ध्यान खींचने का काम कर रहे हैं। सही मायने में यही पत्रकारिता है। वह शनिवार को विश्व संवाद केंद्र की ओर से एक प्रेस क्लब में नारद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अपने पत्रकार दायित्व का निर्वाह करते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि समाज और राष्ट्र को कोई नुकसान न पहुंचे। मुख्य अतिथि डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि 21 वीं सदी की पत्रकारिता बहुत कठिन दौर से गुजर रही है। संघ के विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सचान ने भी विचार रखे। कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक वैश्य ने आभार व्यक्त किया। संचालन महानगर प्रचार प्रमुख विकास सक्सेना ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार अटल, अनूप मिश्रा, पुत्तन सक्सेना, विवेक मिश्रा, नीरज आनंद, शंकर लाल, नरेंद्र सिंह, सौरभ शर्मा, गिरीश कपूर और अशोक शर्मा को सम्मानित किया गया।



## इज्जतनगर स्टेशन पर दिखाई देंगे जुरासिक पार्क के नजारे



**बरेली, अमृत विचार :** अब इज्जतनगर स्टेशन जुरासिक और जंगल थीम में नजर आएगा। ट्रेन से भी यात्री जुरासिक पार्क फिल्म के जैसे नजारे देख सकेंगे। रेल प्रशासन की ओर से डायनासोर के बेहद खूबसूरत मॉडल यहां लगाए जा रहे हैं। इन मॉडल्स को इज्जतनगर रेल मंडल के यांत्रिक कारखाना के अंदर कबाड़ से तैयार किया गया है। मुख्य कारखाना प्रबंधक विपुल सिंह ने बताया कि कारखाना के बेसिक ट्रेनिंग सेंटर में इसको तैयार किया गया है। यहां ट्रेनिंग हासिल करने वाले प्रशिक्षुओं ने कारखाना में जितना भी कबाड़ बच जाता था, उससे इन्हें तैयार किया। यहां करीब पांच से छह फुट ऊंचा ट्राइसेराटॉप्स प्रजाति के डायनासोर का मॉडल लगाया गया है। आने वाले दिनों में करीब 30 फुट ऊंचा डायनासोर का मॉडल भी लगाया जाएगा। शनिवार को यहां मोर का मॉडल रखा गया।

## कृष्ण ने दो मुट्ठी चावल के बदले सौंप दिए दो राज्य



**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर कथाव्यास मधुर कृष्ण ने कहा कि ईश्वर अपने भक्तों के प्रेम के अधीन है। भक्त जिस भाव ने अपने आराध्य का स्मरण करेगा, उसी भाव से भक्त पर ईश्वर की कृपा होती है। कहा कि सुदामा के हृदय में कृष्ण के दिव्य चरणों के प्रति आत्म समर्पण का भाव है। प्रेम भरे चावलों का भोग भी उन्हें लगाया तो प्रभु ने कृपा करते हुए मात्र दो मुट्ठी भर चावलों के बदले दो राज्य प्रदान कर दिए। कथा व्यास ने सुदामा – कृष्ण की बाल लीलाओं के कई प्रसंग सुनाए। मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु उत्साह के साथ झूमते रहे। मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, अनिल चड्ढा, कुल संजीव राय, जतिन दुआ, विनोद भाटिया, राम स्वरूप खनिजों आदि लोग उपस्थित रहे।

## फुटबाल : बेदी इंटरनेशनल स्कूल ने एयर फोर्स स्कूल को 2-1 से हराया



सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में फुटबाल में गोल के लिए जूझते खिलाड़ी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित सेक्रेड हार्टस स्कूल में शनिवार से तीन दिवसीय करन सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता शुरू हो गई। पहले दिन अंडर 19 में दो मैच हुए।


पहले मैच में बेदी इंटरनेशनल स्कूल ने एयर फोर्स स्कूल को 2-1 से पराजित किया। दूसरे मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल और डीपीएस के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। अंत में ट्राईबेकर के जरिए आर्मी पब्लिक स्कूल ने 4-3 की लीड ली। अंडर 14 में भी दो मैच हुए। पहले मैच में एयर फोर्स स्कूल ने डीपीएस को 2-0 से हराया। दूसरे मैच में बेदी इंटरनेशनल स्कूल की टीम उपस्थित न होने के कारण वॉक ओवर से सेक्रेड हार्टस ने अगले दौर में प्रवेश किया। इससे पहले सेक्रेड हार्ट स्कूल की निदेशिका राधा सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। चंदर कुमार, मनोज, अविनाश, रिंकू गोम्स, सुभाष चंद्र भगत, सुनील कुमार, राजकुमार, अनुपम शुक्ला आदि मौजूद रहे।


जन्मदिन की शुभकामनाएं

खिलते रहो आप लाखों के बीच
रोशन रहो आप हजारों के बीच
जैसे रहता है सूरज आसमान के बीच

हैपी बर्थडे ठाकुर साहब।

Best Wishes by
सरोज सिंह,
शिवम् सिंह,
शोभित सिंह



सोहिल सिंह


## समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए अधिकारी नामित

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शासन के निर्देश पर समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के नाम तय कर दिए हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी प्रो. विनय ऋषिवाल होंगे। इसके अलावा मॉड्यूल वाइज एडमिन में कुलसचिव, वित्त अधिकारी एकेडमिक्स के अलावा अन्य को शामिल किया है।


**आवश्यकता है**

दैनिक '**अमृत विचार**' बरेली को ऑफिस कार्य हेतु कुशल ड्राइवर की।

**अनुभव :-** कम से कम 3 से 5 वर्ष का।

**वेतन :-** योग्यता अनुसार।

सम्पर्क करें

(HR विभाग)

मो. 8476006584




## खेलों में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया

**बरेली, अमृत विचार :** जोगी नवादा स्थित ललिता देवी पब्लिक स्कूल में चल रहा दस दिवसीय समर कैंप शनिवार संपन्न हो गया। इस दौरान बच्चों ने योगा, इंग्लिश स्पीकिंग, टेबल टेनिस, नृत्य आदि में उत्साह के साथ भाग लिया। प्रबंध निदेशक शरद मिश्रा, निदेशक झरना मिश्रा और प्रधानाचार्य गौरव मिश्रा, मोहित कुमार, रितु गुप्ता, मोहिनी, खुशबू मिश्रा, प्रमिला व डौली भारती मौजूद रहीं।

# मिक्स्ड डबल्स में मुरादाबाद और कानपुर ने जीते क्वार्टर फाइनल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में शनिवार को हुए 90 मैच

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रथम सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में शनिवार को मिक्स्ड डबल्स में मुरादाबाद और कानपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया गया। दोनों जिलों की टीमों ने तीन क्वार्टर फाइनल मैच जीते। इसके अलावा बरेली, लखनऊ, सोनभद्र और आगरा के खिलाड़ियों ने भी क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

महिला एकल में मुरादाबाद, उन्नाव, मथुरा, बांदा, लखनऊ, अलीगढ़, हापुड के एक-एक खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता जीती। पुरुष एकल में नोएडा के चार, लखनऊ के तीन, बांदा, प्रयागराज, जौनपुर, लखीमपुर के दो-दो खिलाड़ियों ने मुकाबले जीते। महिला डबल्स में गोरखपुर और बस्ती, मऊ और गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर, आरएसओ जितेंद्र यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



बैडमिंटन मिक्स्ड डबल्स में शॉट मारते मुरादाबाद-कानपुर के खिलाड़ी। • अमृत विचार

सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि दूसरे दिन 90 मैच खेले गए। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे तक सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इसके बाद 2 बजे फाइनल मुकाबले होंगे। फाइनल मुकाबले में अतिथि के रूप में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल रहेंगी। संचालन उपाध्यक्ष श्री कुमार अग्रवाल ने किया। संघ के संयुक्त सचिव जगदीश खंडेलवाल, देवेन्द्र थापा, दीपक धवन, गौरव भसीन, गुलशन बत्रा, अनुज नेगी, रवि दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# मॉर्निंग वाक के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीबीगंज स्टेशन के पास शनिवार सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सीबीगंज स्टेशन के पास शनिवार सुबह टहलने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बरेली जंक्शन जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त गली नंबर दो सीबीगंज निवासी 50 वर्षीय दिलीप कुमार सक्सेना के रूप में हुई। वह सुबह 5:30 बजे घर से टहलने के लिए निकले थे और स्टेशन के पास किसी ट्रेन की चपेट में आ गए। जानकारी मिलने के बाद परिजन थाने पहुंचे।

**ट्रेन की चपेट में आकर लंगूर का कटा हाथ :** बरेली जंक्शन पर शनिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से लंगूर का हाथ कट गया। जीआरपी की सूचना पर वन विभाग से दरोगा नासिर अली और पीएफए के धीरज पाठक पहुंचे। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि घायल लंगूर को आईवीआरआई ले जाया गया जहां उसका इलाज कराकर पीएफए के सुपुर्द किया गया है। रेंजर हरीश मेहता के मुताबिक जख्म ठीक होने के बाद लंगूर को जंगल में छोड़ा जाएगा।

## बरेली जंक्शन पर घूमती मिली सात साल की बच्ची

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर शनिवार को एएसआई विपिन कुमार और हेड कांस्टेबल रीना चौहान को सात साल की बच्ची घूमती मिली। बच्ची को आरपीएफ थाना लाया गया। यहां पर चाइल्ड हेल्प डेस्क कर्मी सौरभ दीक्षित और दिव्या कठेरिया पहुंचे। बच्ची ने पूछताछ में बताया कि वह अकबरपुर दातागंज बदायूं की रहने वाली है। माता-पिता के साथ बरेली अपनी मौसी नगीना के पास जा रही थी लेकिन रास्ते में बिछड़ गई। आरपीएफ ने बच्ची को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया है। चाइल्ड लाइन ने बच्ची के परिजनों से संपर्क किया। बच्ची को बाल कल्याण समिति मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
• कान का बहना, कम सुनाई देना • चक्कर आना • सिर में दर्द • नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना • नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना • सोते समय खर्राटे आना • आवाज का बैठ जाना • मुंह न खुलना • चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना • खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले • गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
• कान के पर्दे में छेद • नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी • गले में टांसिल • मुँह में कैंसर • गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ • लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन • नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी • गले में मांस के कारण बैठी आवाज • आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
• दाँतों का डिजिटल X-Ray • दाँतों की नस का इलाज (RCT) • अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) • दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना • फिक्स दाँत (Bridges) • बत्तीसी बनाना (Complete Denture) • बिना दर्द के दाँत निकालना • लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) • हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) • टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) • बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- • नाक, कान, गला रोग • दन्त रोग • हड्डी व जोड़ रोग • चर्म रोग • जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
• G.N.M. • A.N.M. • D.P.T.
• D.OPT. • DIPLOMA O.T.
• D. PHARMA • BAMS
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श नि:शुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### घर में घुसकर छेड़खानी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरसेर, अमृत विचार :** घर में घुसकर छेड़खानी के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता ने बताया था कि उसके पति के बाहर जाने पर तीन लोगों ने उसके घर में घुसकर छेड़खानी की विरोध पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने श्रवण, टिंकू और राजवीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भंडारा खाने गई मां- बेटी ने युवक से की मारपीट

**शीशगढ़, अमृत विचार :** भंडारे में पहुंची महिला और उसकी बेटियों ने एक युवक को गाली देते हुए पीट दिया। गांव बंजरिया निवासी सोनपाल सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम 7.30 बजे गांव में मंदिर पर भंडारा चल रहा था। भंडारे में पहुंचीं गांव ढकिया ठाकुरान निवासी पूनम उनकी बेटी रंजना और संजना उसे रंजिशन गाली देना शुरू कर दिया। विरोध पर उसे पीटने लगी। बीच बचाव करने पर गांव के ही विमल सिंह से भी तीनों ने मारपीट की। वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे बचाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों मां -बेटियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की।

# आंवला के व्यापारी ने डर से लगाया बैनर 'घर और दुकान बिकाऊ है'

### पांच दिन पहले आंखों में मिर्च पाउडर डालकर पिता- पुत्र से की गई थी मारपीट

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** व्यापारियों को पर्याप्त सुरक्षा के दावों पर आंवला में सवालिया निशान लग गया है। कस्बे में एक व्यापारी पिता- पुत्र से पांच दिन पहले आंखों में मिर्च पाउडर डालकर पांच लोगों ने मारपीट की थी। जिसमें पीड़ित ने 3 नामजद और 2 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस अभी तक केवल जांच ही कर रही हैं।

व्यापारी परिवार काफी डरा हुआ है, इसलिए उसने शनिवार को मकान और दुकान बिकाऊ के बैनर लगा दिया है। व्यापारी का कहना है कि आरोपी काफी दबंग है, पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। यदि मेरे परिवार को कुछ हो गया तो इस संपत्ति का क्या करेंगे, इसलिए सबकुछ बेचकर कही और जाकर शांति से रहेंगे।

कस्बे के मोहल्ला गंज त्रिपौलिया निवासी अतुल गुप्ता ने बताया कि 20 मई की रात वह और उसका बेटा शाहिल गुप्ता पुरैना बस स्टैंड स्थित अपनी दुकानें बंद करके स्कूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक सवार नकाबपोश पांच लोग आए और उनकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उन्हें मारापीटा। उसने मोहल्ले के कुशाग्र, प्रतीक, बबलू उर्फ विपिन और 2 अज्ञात के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि कुशाग्र और प्रतीक के पिता वकील है। व्यापारी ने बताया कि उसका परिवार उन लोगों से डरा हुआ है। यदि उसके और उसके बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना घट गई तो वह इस संपत्ति का क्या करेगा। इसलिए कहीं दूसरी जगह रहकर सुरक्षित रहेगा। इसलिए घर और दुकानें बेचकर कहीं दूसरी जगह रहेगा। वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज है। जांच चल रही है। पलायन करना समस्या का हल नहीं है। शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।



मारपीट का शिकार व्यापारी का परिवार घर के बाहर बैनर के साथ। ● अमृत विचार

● **रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से व्यापारी परिवार डरा हुआ, बताया जान को खतरा**

# खुराफातियों ने मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी के एक धार्मिक स्थल पर स्थापित मूर्ति को किसी खुराफाती ने नुकसान पहुंचाया, जिससे लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस खुराफातियों की तलाश में जुट गई।

रहपुरा अंडर पास के पास एक धार्मिक स्थल पर एक 15 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित है। कस्बे के मोहल्ला ठाकुर निवासी सालिगराम सुबह शाम पूजा- अर्चना करते और रात को घर चले जाते है। शुक्रवार की शाम को पूजा कर वह घर चले गए। किसी खुराफाती ने रात में मूर्ति ईंट और डंडों से तोड़ दी।सुबह पहुंचे लोगों ने देखा कि किसी ने मूर्ति को नुकसान पहुंचाया था। जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग पहुंच गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जल्दी से मिस्त्री बुलाकर मूर्ति सही कराना शुरू कर दिया और खुराफाती की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि धर्म स्थल के पास एक पकौड़ी की दुकान लगते है, वहां शराबियों का जमावड़ा लगता है। आशंका है किसी ने नशे में मूर्ति को नुकसान पहुंचाया होगा। कुछ साल पहले भी इसी मूर्ति को नुकसान ने एक शराबी ने पहुंचाया था, तब पुलिस ने समझाता कर दिया था। शनिवार फिर मूर्ति के क्षतिग्रस्त होने से लोगों में आक्रोश है, वहीं पुलिस ने मूर्ति के मरम्मत के साथ-साथ आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

● **पुलिस ने मूर्ति की मरम्मत कराने के साथ आरोपियों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन**

## सार-संक्षेप

### दीक्षांत समारोह में 350 छात्रों को मिली उपाधि



**रिठौरा, अमृत विचार :** खंडेलवाल ग्रुप ऑफ इन्टीट्यूशंस में 10वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. आरके खंडल, कुलाधिपति, सुंदर दीप ग्लोबल विश्वविद्यालय, गाजियाबाद ने एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, के लगभग 350 विद्यार्थियों को उपाधि दी गई। प्रो. खण्डल ने कहा की नई शिक्षा पद्धति सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है जिसे पूरा करने के लिए सरकार पूरी तरह समर्पित है आने वाला युग प्रौद्योगिक एवं शोध अनुसंधान के नाम होगा। इस अवसर पर चेयरमैन गिरधर गोपाल, प्रबन्ध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल प्रेमप्रकाश गुप्ता, डॉ. आरके शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### कार न मिलने पर पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में कार न मिलने पर पति ने महिला को पीटकर घर निकाल दिया। मामले में सुभाषनगर थाना पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।कोतवाली थाना क्षेत्र में सर्किट हाउस के समीप रहने वाली महिला का विवाह एक साल पहले सुभाषनगर के गांव करगैना निवासी सुमित सिंह से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल वाले कार की मांग करने लगे। विरोध करने पर प्रताड़ित करते थे। सुमित ने 11 मई को उसे पीटकर घर से निकाल दिया।

### दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दहेज लोभियों ने बहू को बाइक और एक लाख नकदी के लिए मारपीट के घर से निकला दिया, पीड़िता ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव अरसिया बोझ निवासी नन्हें की बेटी निशा ने बताया कि उसका निकाह चार साल पहले गांव उनई मकरूका निवासी शकील से हुआ था। ससुराल वाले बाइक और एक लाख रुपये मायके से लाने के लिए आए उसे प्रताड़ित करने लगे। तीन दिन पहले सभी ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति शकील जेठ लइक, देवर नन्हा, सास ,ननद सहित 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### अलंकरण समारोह में छात्रों को किया सम्मानित

**फरीदपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर में प्रो. पूनम सक्सेना की अध्यक्षता में 2023-24 प्रतिभा अलंकरण समारोह हुआ, जिसमें विद्यालय के टॉपर्स एवं परिषदीय प्रतियोगिता के भाग्यशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। 2023 स्नातक को उत्तर परीक्षा में हिंदी में नीरज भारती, संस्कृत में सृष्टि सिंह, राजनीतिक विज्ञान में आफरीन गृह विज्ञान में सुगंधा शुक्ला अंग्रेजी में शिवानी अर्थशास्त्र में अखिलेश कुमारी समाजशास्त्र में वैजयंती ने महाविद्यालय में अपने विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। 2023 में बीएससी में सुजात हुसैन एवं भी एमकाम में फैजल अंसारी ने महाविद्यालय टॉप किया।

### ट्रेन में प्रसाद का बैग फेंकने पर यात्री को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** सियालदह एक्सप्रेस में शनिवार को सीट के लिए झगड़ा हो गया। इस पर यात्री ने प्रसाद फेंक दिया, इससे नाराज दो युवकों ने यात्री की पिटाई कर दी। कंट्रोल रूम से जानकारी पर आरपीएफ ने दोनों पक्षों को नीचे उतार लिया, हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बिहार के औरंगाबाद निवासी यात्री ने 139 कंट्रोल रूम पर शिकायत की कि वह शनिवार को 13152 सियालदह एक्सप्रेस के जनरल कोच में मुरादाबाद से गया जाने के लिए चढ़े थे। ट्रेन में कुछ कुछ युवकों ने उनके साथ मारपीट की है। आरपीएफ ने बरेली जंक्शन पर दोनों पक्षों को नीचे उतार लिया। जीआरपी को वाराणसी निवासी आरोपी दोनों युवकों ने बताया कि वह वैष्णो देवी से वाराणसी लौट रहे थे। मुरादाबाद से चढ़ा व्यक्ति सीट के लिए झगड़ा करने लगा और प्रसाद का बैग उठाकर फेंक दिया था। इसी बात पर मारपीट हुई। बरेली जंक्शन जीआरपी थाने में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### बीमार पत्नी का इलाज कराने के बजाय मारपीट की

बहेड़ी, अमृत विचार : बीमार विवाहिता का इलाज न कराके ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की, उसे तरह- तरह प्रताड़ित किया। परेशान होकर महिला ने पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बहेड़ी के गांव बकैनिया (खजुरिया) निवासी तेजवती ने बताया कि पति राजेंद्र उसका इलाज नहीं करा रहा था। 15 मई को उससे इलाज कराने को कहा तो उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर मारपीट की। उसकी बेटी ने दूसरे का फोन मांगकर ननिहाल में सूचना दी। जानकारी होने पर उसके भाई-भाभी और भतीजा पहुंचे। आरोप है कि उनके साथ भी गाली गलौज की, धमकी दी कि अब उसे जहर देकर मार देंगे। तेजवती ने बताया कि इसके बाद 16 मई को बच्चों की भी पिटाई किए जाने के बाद उसकी भाभी और भतीजा अपने साथ ले गए।

### पक्षियों के लिए रखें दाना-पानी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को पक्षी बचाओ अभियान शुरू किया। जिला संयोजक प्रद्युम्न गंगवार ने बताया कि गर्मी में पक्षियों को बचाने के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का लोगों से आग्रह किया जा रहा है।

### ग्राम रूपियापुर के मेले से बाइक चोरी

**भुता, अमृत विचार :** भुता थाना क्षेत्र के अखबार वितरक की गांव रुपियापुर के मेले से बाइक चोरी हो गई हैं। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर दी हैं। ग्राम डभौरा निवासी राजवीर अखबार बांटने रूपियापुर में लगे मेले में गए थे। मेला स्थल से बाहर बाइक खड़ी की थी, इसी दौरान मौका पाकर उसकी बाइक किसी ने चुरा ली। पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन नहीं मिली तो 112 पर सूचना दी। इसके बाद थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### घर में घुसकर रुपये चुराने वाले पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के गांव उमरसिया निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह 10 अप्रैल सुबह 11 बजे घर से बाहर गए थे। उन्हें पता चला कि उनके घर में गांव का ही एक रंजीत घुस गया है, वह पहुंचे तो आरोपी उनके घर से निकल रहा था। जब उन्होंने चेक किया तो पता चला उनके पैंट में रखें 4 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में कोई कार्रवाई न होने पर एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने आरोपी रंजीत पर रिपोर्ट दर्ज की हैं।

### मजाक के दौरान युवक कुएं में गिरकर घायल

**मीरगंज, अमृत विचार :** तहसील मीरगंज के गांव धनेटा में कुएं पर बैठे लड़कों ने एक युवक को मजाक में गुदगुदी कर दी, जिससे वह कुएं में जा गिरा। आनन -फानन में उसे निकालकर इलाज के लिए ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गांव धनेटा के रहने वाले जितेंद्र शुक्रवार को कुछ लड़कों के साथ कुएं पर बैठे थे। सभी आपस में मजाक कर रहे थे। इसी दौरान वहां बैठे लड़कों ने उसे गुदगुदी कर दी। जिससे वह कुएं में जा गिरा।

### किसानों को उन्नतशील बीज बोने की सलाह

**शेरगढ़ , अमृत विचार :** कृषि विभाग के ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक दर्शन गंगवार ने ब्लॉक के कई गांवों का दौरा कर किसानों को बेहतर फसल उत्पादन का मंत्र दिया। उन्होंने शनिवार को किसानों को बताया कि तकनीकी अपनाकर कम लागत में भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उन्नत बीज बोने और राजकीय कृषि बीज गोदाम से ही बीज खरीदने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अब किसान आधी कीमत चुका कर धान के बीज प्राप्त कर सकते है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
❖ QCI Rating 'A' Institute
❖ Scholarship Facility
❖ Smart Classes
❖ 100% Placement
❖ Clinical Training in 1050 Beded Hospital
❖ Experienced Faculty
❖ Well Equipped Computer Lab.
❖ Library
❖ Modern Specialization Laboratory
❖ Value Added Courses
❖ Field Visits
❖ Wi-Fi & Lush Green Campus
❖ Hostel
❖ Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सीधी भर्ती
पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.
में कुल 6222 रिक्त पदों पर
ग्रुप-A-375 (स्नातक) | ग्रप-B-980 (इण्टरमीडिएट) | ग्रुप-C-4867 (हाईस्कूल)
वेतनमान 21500, 17000 व 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर ऑनलाइन आवेदन करें।
संपर्क हेतु : pashuswasthyasm@gmail.com

Notice
This is to notify that My correct name is Syed Hasnain Ali S/o Mr. Ahsan Ali, which is given in Aadhar card. My name in Driving licence is written as Sayyad Husain, which is wrong.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## एक नजर

### सारण में ट्रेन से गिरकर दो लोगों की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सीवान रेलखंड तथा पूर्व मध्य रेलवे के गोल्डेनगंज - सोनपुर रेलखंड पर शनिवार को ट्रेन से गिरकर एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला की उम्र करीब 25 वर्ष है। वहीं दूसरी घटना में पूर्व मध्य रेलवे के नयागांव स्टेशन के समीप किसी ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मृतक की उम्र 35 वर्ष है और उसकी भी पहचान नहीं की जा सकी है। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

सीधी। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में स्कॉलरशिप के कागजात में कमी बताकर मैजिक कॉल एप के जरिये आवाज बदलकर छात्राओं को एकांत में बुलाकर दुष्कर्म एवं लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी बृजेश प्रजापति के घर पर आज बुल्डोजर चला। रीवा रेंज के आईजी डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार के आदेश पर कार्रवाई की गई। मुख्य आरोपी बृजेश प्रजापति का माता-पिता एवं भाईयों के साथ संयुक्त कच्चा मकान अमरवाह में था। जिसमें उसके हिस्से का एक कमरा था। जिस पर बुल्डोजर चला।

### करंट लगने से घर में सो रहे बच्चे की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शनिवार को करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। खजुरी गांव निवासी निरंजन कुमार सिंह का पुत्र बाबू कुमार (07) घर में सो रहा था। इसी दौरान उसके पैर पर बिजली का तार गिरने से उसे करंट लग गया। परिजन उसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आज समुद्र तट से टकराएगा रेमल

## 110-120 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी



- तटीय इलाकों में मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की दी सलाह
- तूफान के चलते हवाई सेवा पर भी पड़ेगा असर

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनी निम्न दबाव प्रणाली चक्रवाती तूफान 'रेमल' में तब्दील हो गयी है और इसके रविवार आधी रात को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप तथा बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच समुद्र तट से टकराने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। इस मानसून पूर्व सीजन में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवाती तूफान है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार शाम 7:50 बजे जारी ताजा जानकारी के मुताबिक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव चक्रवाती तूफान 'रेमल' में तब्दील हो गया और खेपुपारा से लगभग 360 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप से 350 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है। आईएमडी ने कहा कि तूफान के रविवार सुबह तक और तीव्र होकर भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है और इसके 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा की गति के साथ रविवार आधी रात तक सागर द्वीप और खेपुपारा के बीच पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के आसपास के समुद्री तटों को पार करने की उम्मीद है। मौसम विभाग कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी 27-28 मई को अत्यधिक भारी वर्षा होने की आशंका है। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को 27 मई की सुबह तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में समुद्र में न जाने की सलाह दी है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण और उत्तर 24 परगना जैसे तटीय जिलों में 26-27 मई के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जहां कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है। इसके अलावा कोलकाता, हावड़ा, नादिया और पूर्बा मेदिनीपुर जिलों में 26-27 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। इसके अलावा उत्तरी ओडिशा में बालासोर, भद्रक और केंद्रपाड़ा जैसे तटीय जिलों में 26-27 मई को भारी बारिश होने की आशंका है, जबकि 27 मई को मयूरभंज में भारी वर्षा होने के आसार हैं।

### 21 घंटे के लिए रद की गई हवाई उड़ानें

कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों ने चक्रवात रेमल के संभावित प्रभाव को देखते हुए रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित करने का फैसला किया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उड़ान निलंबन अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों क्षेत्रों में आगमन और प्रस्थान वाली कुल 394 उड़ानें हवाईअड्डे से आने-जाने के लिए संचालित नहीं होंगी।

## दुकान में चोरी करने घुसे नाबालिग की जलकर मौत

लातेहार (झारखंड)। झारखंड के लातेहार जिले में चोरी करने के लिए किराने की दुकान में घुसे एक नाबालिग की जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के अनुसार घटना पकरी गांव की है। शुक्रवार की रात तीन किशोर मोमबत्ती के साथ एक किराने की दुकान में घुस गए। उनके हाथ से मोमबत्ती दुकान में रखे पेट्रोल पर गिर गई। बालूमाथ के डीएसपी आशुतोष सत्यम ने कहा कि इस घटना में तीन लोग झुलस गए और उनमें से एक की मौत हो गई।

## गरीबी से जूझ रही महिला ने नवजात बेटी को बेचा

अगरतला, एजेंसी

- पांच महीने पहले महिला के पति की हो गई थी मौत

त्रिपुरा के धलाई जिले में पांच महीने पहले पति के गुजर जाने के बाद निर्धनता से जूझ रही एक आदिवासी महिला ने अपनी नवजात बच्ची को 5000 रुपये में बेच दिया। सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी के हस्तक्षेप के बाद हेजामारा के दंपती से चार दिन की बच्ची को वापस लेकर मां को सौंप दिया गया।

उपसंभागीय मजिस्ट्रेट अरिंदम दास ने बताया कि गंडाचेरा उपसंभाग में तारावन कॉलोनी की मोरमति त्रिपुरा (39) ने बुधवार को अपने घर में एक बेटी को जन्म दिया था। अगले ही दिन महिला ने पांच महीने पहले पति के गुजर जाने का हवाला देते हुए बच्ची को हेजामारा के एक दंपती को 5000 रुपये में बेच दिया। दास ने कहा, पहले से ही दो बेटों एवं एक बेटी के भरण-पोषण का खर्च उठा रही महिला बदतर आर्थिक स्थिति के कारण एक और बच्चे का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं थी।

## हिज्ब-उत-तहरीर के छह सदस्य तमिलनाडु में गिरफ्तार

चेन्नई, एजेंसी

- गिरफ्तार किए गए लोगों में पिता और दो पुत्र भी शामिल

अंतरराष्ट्रीय इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के छह सदस्यों को चुनाव कराये जाने एवं लोकतंत्र के खिलाफ दुष्प्रचार जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों में करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति, उसके दो बेटे और तीन अन्य लोग शामिल हैं जिनकी उम्र 26 से 33 वर्ष के बीच है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लगाये गये हैं। उन्होंने कहा, अखिल इस्लामी शासन या खिलाफत के लिए इस्लाम को मानने वालों से समर्थन प्राप्त करने की एक मामूली कवायद के रूप में शुरू हुई यह मुहिम बंद दरवाजों के पीछे होने वाली बैठकों में भाग लेने वालों की संख्या बढ़ने के साथ मजबूत होती दिखाई दी। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इस समूह को चुनाव, लोकतंत्र और मतदान प्रक्रिया में भागीदारी के खिलाफ उनके दुष्प्रचार के बाद गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में हमीद हुसैन शामिल हैं, जिसके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की डिग्री है। वह 2021 तक विद्यालयों में इंजीनियरिंग पढ़ा रहा था। हुसैन के पिता अहमद मंसूर और भाई अब्दुल रहमान और तीन अन्य - मोहम्मद मौरिस, खादर नवाज शरीफ और अहमद अली को भी पकड़ा गया।

## भोजशाला सर्वेक्षण में रडार का इस्तेमाल कर रहा एएसआई

धार (मध्य प्रदेश)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार में विवादित भोजशाला-कमल मौला मस्जिद परिसर का अदालत के आदेश के अनुरूप वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रहा है, जिसमें ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) और जीपीएस मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हिंदू पक्ष की ओर से याचिकाकर्ताओं ने शनिवार को यह दावा किया। जीपीआर मशीनों के इस्तेमाल संबंधी दावे पर एएसआई की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया, जो एक मध्ययुगीन युग का स्मारक है, जिसके बारे में हिंदुओं का मानना है कि यह देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमल मौला मस्जिद कहता है।

## छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली ढेर

रायपुर/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों में हुई दो मुठभेड़ों में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि बीजापुर में दो नक्सली मारे गए जबकि सुकमा में एक मारा गया। बीजापुर में मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के जप्पेमरका-कमकानार गांवों के पास जंगल में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई, दोनों पक्षों में हुई गोलीबारी के बाद मौके से दो नक्सलियों के शव, हथियार आदि सामग्री मिलीं। वहीं, सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि बेलपोचा गांव के पास जंगली पहाड़ी पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई गोलीबारी में मौके से एक नक्सली का शव मिला।

## हवालात में आत्महत्या पूरा थाना लाइन हाजिर

जयपुर। राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र में अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के हवालात में आत्महत्या करने के मामले में पूरा थाना लाइन हाजिर कर दिया गया है। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को बताया कि मामले में थानाधिकारी सहित थाने के सभी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

## फटी ओएमआर शीट पर एनटीए से जवाब-तलब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने नीट की 19-वर्षीया अभ्यर्थी की उस याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा है, जिसमें अभ्यर्थी ने फटी हुई ओएमआर शीट दिए जाने के एवज में अनुग्रह अंक देने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने इस पर एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी किए और उसका मूल ऑप्टिकल मार्क रिकॉगनिशन (ओएमआर) शीट सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

## बरेली देहात

# आठ दिन में चार बार फुंका ट्रांसफार्मर

## भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीण पेड़ के नीचे बैठकर दिन काटने को मजबूर

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी में शहर से लेकर देहात तक बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। वहीं ओवरलोड से ट्रांसफार्मर फुंकने से समस्या गंभीर हो रही हैं। रजऊ परसपुर में आठ दिन में चार बार ट्रांसफार्मर फुंक चुका है। ग्रामीण गर्मी से बचने के लिए पेड़ों के नीचे बैठकर दिन काट रहे हैं।



गर्मी से बचने के लिए परेशान ग्रामीण पेड़ के नीचे बैठे हुए। ● अमृत विचार

रजऊ परसपुर निवासियों ने बताया कि गांव में बिजली न आने की वजह से बेहद परेशान हैं। लोगों ने बताया आठ दिनों में चार बार ट्रांसफार्मर फुंक चुका है। जिससे गांव में बिजली नहीं आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से कुछ पूछने पर वह कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। ऐसे में लोग परेशान हैं।

गर्मी के साथ बिजली कटौती और ज्यादा परेशान कर रही है। 8 दिन में 4 ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं। और कब तक ठीक होंगे कोई बताने वाला नही है। - **संजीव**, ग्रामीण।

गांव में बिजली न आने की वजह से पूरा गांव परेशान है। गांव का ट्रांसफार्मर इतनी बार खराब हो चुका है। अभी भी बिजली कटौती की समस्या दूरी नहीं हुई है। - **चंदन सोनकर**, ग्रामीण।

> चार बार ट्रांसफार्मर बदले जाने की बात गलत है। ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके बाद शुक्रवार को दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाया गया था, जो कि ओवरलोड की वजह दोबारा खराब हो गया। दूसरा ट्रांसफार्मर मंगवाकर लगवाया जा रहा है।
> –**सतीश जायसवाल**, एसडीओ फरीदपुर।

# सौ रुपये के लिए बाइक चुराने वाले किशोर को पकड़ा

आंवला, अमृत विचार : क्षेत्र में बाइक चोर सक्रिय हैं। चोर अब खुद न चोरी करके किशोरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बाइक चोरों ने एक किशोर को सौ रुपये देकर बाइक चोरी करवाई इसके बाद ले गए। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी।

शनिवार को वह किशोर बाजार में दिखाई दिया तो व्यापारियों ने पकड़कर उसे पुलिस को सौंप दिया। कस्बे के महाराजपुरम कॉलोनी निवासी सुनील कुमार सिंह की दो दिन पहले उनकी ही मार्केट की गैलरी से बाइक चोरी हुई थी। चोर सीसीटीवी में कैद हो गया था। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही सीसीटीवी फुटेज स्थानीय वाट्सएप ग्रुपों में शेयर कर लोगों से आरोपी को तलाशने की अपील की थी। शनिवार को आरोपी किशोर उनकी मार्केट में घूमता दिखाई दिया, जिसे दुकानदारों ने पहचान लिया। उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। किशोर ने अपने आपको उरला गांव का निवासी बताया है उसने यह बाइक शाहाबाद रामपुर के एक युवक के कहने पर सौ रुपये में उठाकर देने की बात कही है। आंवला इंस्पेक्टर वीरेश कुमार का कहना है कि किशोर से जानकारी की जा रही है। शीघ्र चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अनैतिक कर्म का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है



मनौना, अमृत विचार : मनौना गांव स्थित शिव मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शिव विवाह, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार आदि कथाओं का संगीतमय वर्णन किया गया। कथा वाचक अमित आनंद ने कहा प्रभु का उन्हीं लोगों के हृदय में निवास होता है, जो सत्कर्म करते हैं। अनैतिक कमाई का लाभ तो कोई भी उठा सकता है। परन्तु अनैतिक कर्म का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है इसलिए कर्म करने में सावधानी बरतें। इस दौरान जयदीप पाराशरी, राजकमल सिंह चौहान, मृदुल पाठक, अवनेश शंखधार, राजकुमार चंद्रा, सोनू सिंह, भूपेंद्र गुप्ता, गब्बर सिंह, राकेश पाठक, आचार्य मोहित दुबे आदि मौजूद रहे।

### भाकियू ने उठाया छुट्टा पशुओं और गन्ना भुगतान का मुद्दा

नवाबगंज, अमृत विचार : भाकियू अराजनीतिक संगठन की मासिक पंचायत में शनिवार को किसान नेताओं ने छुट्टा पशुओं से हो रहे नुकसान और गन्ने के भुगतान में हो रही देरी के साथ ही अवैध खनन और किसानों के राशन कार्ड न बनाए जाने का मुद्दा भी उठा। किसान नेताओं राजकुमार दिवाकर, बुद्धसेन, चौ. महाराज सिंह, जिला महामंत्री खेमकरन, हरद्वारी लाल, चन्द्रपाल, बाबूराम व ओम प्रकाश आदि ने उपजिलाधिकारी को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। बैठक की अध्यक्षता किसान नेता महाराणा सिंह ने व संचालन भगवान दास ने किया।

### आंवला में दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू



आंवला, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की ओर से नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में ब्रज प्रान्त का छह दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शनिवार को शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार, वर्ग पालक अधिकारी एवं प्रांत सह संयोजिका मातृ शक्ति शशिबाला, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका उपासना ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रांत संगठन मंत्री ने राष्ट्र की एकता और अखंडता पर जोर देते हुए कहा कि बहुत सी सभ्यता इस धरा से मिट गईं, परंतु हम आज भी विश्व में छाए हुए है। क्योंकि हम अपनी संस्कृति को मानते हैं और मानते रहेंगें। उन्होंने झांसी की रानी, रानी लक्ष्मी बाई की सहेली झलकारी बाई की शौर्य गाथाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र, त्रिभुवन, धर्मेंद्र, दुर्गेश सक्सेना समेत अन्य मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के दो मामलों में पुलिस ने तीन को भेजा जेल

नवाबगंज, अमृत विचार : पुलिस ने शनिवार को दहेज हत्या के दो मामलों में से एक में विवाहिता के पति तो दूसरे में सास – ससुर को जेल भेज दिया। दियोरनिया क्षेत्र के कस्बा रिछा निवासी जफर अली ने अपनी बेटी फराह का निकाह ग्राम जयनगर निवासी मकसूद अली से 2 साल पहले किया था। आरोप है कि दहेज में बाइक, चेन और नकदी के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करते थे और 1 मई को ससुरालियों ने फराह की गला काट कर हत्या कर दी और शव छोड़कर घर से फरार हो गए। मृतका के भाई मुसब्बर अली ने विवाहिता के पति, सास – ससुर, जेठ – जेठानी व ननद आदि के साथ 12 लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शनिवार को सास मसीतन और ससुर साबिर को जेल भेज दिया, बाकी की तलाश की जा रही है। वहीं दूसरा मामला पिपरा निगाही का है, बरेली के करमपुर चौधरी निवासी बदन पाल ने बेटी प्रियंका का विवाह 1 साल पहले ग्राम पिपरा निगाही निवासी सूरज पाल से किया था। आरोप है कि ससुराली बाइक – नकदी की मांग को पति सूरज पाल, सास सावित्री उर्फ सविता, जेठ राजेन्द्र व जेठानी लक्ष्मी विवाहिता को आए दिन प्रताड़ित करते थे और बीती 16 मई को पति, सास व जेठानी ने उसकी हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी पति को पकड़कर जेल भेज दिया।

### हाइपरटेंशन से बचाव के प्रति जागरूक किया



बरेली, अमृत विचार : हाइपरटेंशन डे के उपलक्ष्य में एशियन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने शनिवार को नुक्कड़ नाटक, पोस्टर और रैली के जरिये लोगों को उच्च रक्तचाप से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लोगों का ब्लड प्रेशर चेक किया गया। कॉलेज अध्यक्ष चमन लाल शर्मा, प्रधानाचार्य सुनयना स्पेंसर, शिक्षा जायसवाल, किमवरली, एंजेल पॉल, भवना शर्मा, वैशाली आदि मौजूद रहीं।

# घर लौटने में देर हुई तो रची अपहरण की साजिश

- सीओ के निर्देश पर पांच थानों की पुलिस आधी रात तक हुई परेशान

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : दो युवकों के अपहरण की सूचना से शुक्रवार आधी रात आंवला तहसील की 5 थानों की पुलिस भागती रहीं। अंत में अपहरण की सूचना झूठी निकली तो पुलिस ने राहत की सांस ली।

पुलिस की जांच में स्पष्ट हुआ कि दोनों युवकों ने नशे की हालत में अपने अपहरण की साजिश रची थी। शनिवार को पुलिस के बुलाने पर परिजनों के साथ एक युवक बिशारतगंज थाना पहुंचा, किंतु अभिषेक नहीं आया। पुलिस के पूछने पर दोनों युवकों के परिजनों ने माफी मांगते हुए बताया कि वह दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और घर लौटने में देरी होने की वजह से वह डर गए और अपने कथित अपहरण की कहानी पुलिस को सुना दी। शुक्रवार दोपहर तीन बजे बिशारतगंज के इस्माइलपुर गांव निवासी अभिषेक सिंह ने सीओ आंवला को दी तहरीर में बताया कि वह अपने दोस्त फतेहगंज गांव निवासी के साथ मझगंवा से वापस लौट रहा था की इसी दौरान नोहारा हसनपुर मढ़ी के पास कार सवार पांच लड़कों ने उन दोनों का अपहरण कर लिया वह किसी तरह छूट कर आया है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद सीओ आंवला नीलेश मिश्र ने सर्किल के थानों को चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दे दिए थे। बिशारतगंज थाना प्रभारी दीपचंद टीम के साथ मामले का खुलासा करने में जुट गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों युवकों को थाने बुलाया गया था। एक युवक परिवार के साथ आया, परंतु अभिषेक नहीं आया। थाने पहुंचने वाला नाबालिग है उसने बताया कि वह और अभिषेक रिश्तेदार हैं। उसे उसने ही बुलाया था और दोनों कार से इधर -उधर घूम रहे थे। किराए को लेकर विवाद भी हुआ था। उन्होंने बताया कि घटना का मास्टर माइंड अभिषेक है, उससे जानकारी करने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा

## बारिश से मिली राहत



शेरगढ़ : शनिवार को हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दी। इस दौरान बच्चे बारिश में नहाते दिखे।

## पुलिस ने तीन तस्कर पकड़े 76 किलो डोडा बरामद

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : फतेहगंज पुलिस ने तीन तस्कर पकड़े। उनके पास से 76 किलो डोडा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत 7 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान फतेहगंज पश्चिमी के एएनए अगरास रोड पर जंगल में बने मंदिर के पीछे तीन आरोपियों को 10 प्लास्टिक के कट्टे में डोडे की तस्करी करते पकड़ा। आरोपियों की पहचान सिरौली के बड़ागांव निवासी सुनील, ओमपाल गुर्जर, अखिलेश के रूप में हुई। सुनील ने बताया कि उसकी मां के नाम पर है आरोपी ने बताया कि इस वर्ष भी 10 ऐरी व इससे अधिक चोरी की खेती की। खेती का हिस्सा तो नारकोटिक्स विभाग में जमा करा दिया।

### संविदा रोडवेज बस चालक भर्ती के लिए आज बहेड़ी में कैंप

बरेली, अमृत विचार : परिवहन निगम के बरेली रीजन में चालकों की कमी से बस संचालन प्रभावित हो रहा है। इस वजह से संविदा चालकों की भर्ती के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे बहेड़ी बस अड्डे पर भर्ती कैंप लगाया जाएगा। रीजन के रुहेलखंड और बरेली डिपो में 100 चालकों की कमी है। पिछले दिनों संविदा चालकों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे, लेकिन अधिकारियों के पास आवेदन नहीं आए। एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संविदा चालक के लिए आवेदन करने वाले का अगले दिन ही टेस्ट लिया जाएगा।

### प्रेमी के साथ फरार हुई किशोरी

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी प्रेमी के साथ फरार हो गई। किशोरी के परिजनों ने सुभाषनगर थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों ने बताया कि किशोरी के इंस्टाग्राम पर संजीव के साथ उसका फोटो देखा तो पता चला। उन्होंने आरोप लगाया कि संजीव किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है और वह किशोरी के साथ कुछ गलत कर सकता है।

### किशोरी को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : किला थाना पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। चार दिन पहले संदल खां की बजरिया का रहने वाला वसीम क्षेत्र की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी के पिता ने किला थाने में वसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार को चौपुला पुल के पास से किशोरी को बरामद कर वसीम को गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह दोनों अजमेर गए थे। वहीं किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह बालिग है।

# प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी किशोरी कोतवाली पहुंची

- परिजनों पर लगाया मर्जी के बिना रिश्ता करने का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : प्रेमी से विवाह करने की जिद पर अड़ी किशोरी शनिवार को कोतवाली पहुंची उसने मां - बाप पर उसकी बिना मर्जी के रिश्ता तय करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

किशोरी की चाची का मायका पड़ोस के ही गांव में है। कुछ दिन पहले वह वहां गई थी, वहीं के एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। जिसकी भनक लगने पर उसके मां- बाप ने उसका कहीं और रिश्ता करने के प्रयास में थे। जानकारी होने पर वह शनिवार को कोतवाली पहुंची। स्वयं को बालिग बताते हुए उसने मां - बाप पर उसकी मर्जी के बिना रिश्ता तय करने का आरोप लगाया। पुलिस ने उसके मां -बाप को बुला लिया और प्रेमी के न मिलने पर उसके भाई को ले आई तो उसका प्रेमी भी कोतवाली पहुंच गया। छात्रा स्वयं को बालिग साबित करने में जुटी रही, वहीं उसके परिजन उसके नाबालिग होने की बात कहते रहे। लेकिन वह प्रेमी के साथ ही जाने की जिद पर अड़ी हुई थी। जिससे खिन्न होकर उसके मां - बाप उसके हाल पर ही छोड़ कर चले गए। जबकि किशोरी और उसका प्रेमी कोतवाली में रात 9 बजे तक जमे रहे है। वहीं इस मामले में पुलिस ने बताया कि छात्रा ने जो अपना आधार कार्ड दिया है, उसमें उसकी उम्र 18 वर्ष है।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर दिखाया समझौता, अधिकारियों से शिकायत

- कमिश्नर से जांच के बाद हुई थी विकास कार्यों की जांच

आंवला, अमृत विचार: एक गांव में विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाकर ग्रामीण ने कमिश्नर से शिकायत की थी। जिसमें कुछ दिन पूर्व टीएसी टीम ने गांव पहुंचकर आरोपों की बिंदुवार जांच की।

शिकायतकर्ता ने थाने के एक पुलिसकर्मी पर जबरन कागज पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शिकायत कर्ता ने आरोपियों से साठगांठ कर फर्जी तरीके से समझौता कराने का आरोप लगाकर अधिकारियों को शिकायत दी है। ब्लॉक रामनगर के गांव मनौना निवासी पंकज सिंह ने बताया कि उसने 27 जून 2023 को गांव में आवास, सीसी रोड, मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर टीएसी टीम से जांच कराने की मांग की थी। कुछ दिन पूर्व टीम ने गांव में पहुंचकर स्थलीय जांच की थी। उसने आरोप लगाया कि आंवला थाने के एक पुलिस कर्मी ने उसके खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाकर बलपूर्वक एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। जिसकी कॉल रिकार्डिंग उसके पास है। उसने बताया कि आरोपियों ने साठगांठ करफर्जी समझौता नामा भेज दिया। ग्रामीण ने डीएम, कमिश्नर समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनकिता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।" आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अह्मस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।" इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।" वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, "जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।" इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, "जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।" ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।" पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक रूप हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।


सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है,लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।


पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

## मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

## याद आई ठुकाई



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है,बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

## परिवर्तन की उम्मीद



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।

### गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध



मनोज त्रिपाठी

गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।

**मत प्रतिशत 2019 चुनाव**

- 60.54% भाजपा
- 35.70% सपा
- 1.94 % कांग्रेस

**2018 उपचुनाव**

- 48.86% सपा
- 46.53% भाजपा
- 2.02 % कांग्रेस

**2014 चुनाव**

- 51.83% भाजपा
- 21.76% सपा
- 16.96 % बसपा
- 4.40 % कांग्रेस

- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी- योगी के नाम और काम का सहारा

**2019**

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ हैं। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

**प्रत्याशी प्रोफाइल**



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

**बांसगांव लोकसभा सीट**



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद।

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

**सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास**

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

**जातीय समीकरण का लेखा-जोखा**

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

**पिछले दो चुनावों का परिणाम**

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

**सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा**

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।

**साधा समीकरण**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

**मांगा आशीर्वाद**



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।

**राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई**



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक- एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

**राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक**

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

**गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी**



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीमएससी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

**शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन**



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

## सार-संक्षेप

### कम से कम सात फाइलों पर काम करने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सचिवालय में इस समय 2041 समीक्षा अधिकारी पदों के सापेक्ष 1393 समीक्षा अधिकारी कार्य कर रहे हैं। समीक्षा अधिकारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक ने हर समीक्षा अधिकारी को नियमानुसार रोजाना कम से कम 7 .5 पीयूसी ( विचाराधीन फाइलें) संपादित करनी होगी। सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्तमान में समीक्षा अधिकारियों के 648 पद रिक्त हैं, मगर 322 पदों पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी को अधियाचन भेजा जा चुका है, प्रक्रिया जारी है। इसलिए शासकीय कार्य प्रभावित न हो,इसके लिए सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी के तहत सभी समीक्षा अधिकारियों से रोजाना कार्य की अपेक्षा की जाती है। जबकि वर्तमान में औसतन प्रत्येक समीक्षा अधिकारी तीन पीयूसी भी नहीं कर रहा है। सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारियां साल 1980 या 2000 के पहले की हैं। सचिवालय कंप्यूट्रीक्रत नहीं हुआ थी। वर्तमान में सिस्टम ऑनलाइन हो गया है। वर्तमान में एक-एक समीक्षा अधिकारी के ऊपर कई -कई मंडल की जिम्मेदारी है और अनुभाग अधिकारी द्वारा सीधे समीक्षा अधिकारी को ऑनलाइन दी जाती है, समीक्षा अधिकारी ही अग्रसारित करते हैं।

### मेडिकल कॉलेज की रसोई में कुक ने खाया जहर, मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज की रसोई में काम करने वाले कुक ने रसोई में मरीजों का खाना बनाते वक्त जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर पहले इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इसके बाद निजी अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। मामले में परिवार ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया। जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव कनाकोर के रहने वाले 27 वर्षीय मुकेश गंगवार पुत्र राम सिंह गंगवार करीब पांच साल से मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्स में माली के पद पर कार्यरत था। दो साल से वह अस्पताल की रसोई में बतौर कुक के तौर पर काम कर रहा था। वह अस्पताल कैंपस में ही अकेला रहता था। शनिवार सुबह वह ड्यूटी पर आया था। खाना बनाने के बाद दोपहर करीब दो बजे अचानक अज्ञात कारणों के चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### सीबीआई अधिकारी बता वकील की पत्नी से 4 लाख ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शातिर साइबर ठग ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर अधिवक्ता की पत्नी के पास कॉल करके बांग्लादेश के ढाका में काम करने वाले उसके बेटे की गिरफ्तारी कर डर दिखाकर चार लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला क्षेत्र के मिलन विहार निवासी सत्यपाल सिंह यादव अधिवक्ता हैं। उनका इकलौता बेटा एक मल्टीनेशनल कंपनी में बांग्लादेश की राजधानी ढाका में काम करता है। अधिवक्ता ने बताया कि उनकी पत्नी सरोज के पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारे बेटे को ढाका में सीबीआई ने पकड़ लिया है। इतना ही नहीं कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया कि और कहा कि जल्दी से चार लाख रुपये दो नहीं तो बेटे के साथ बहुत बुरा हो जाएगा। इकलौते बेटे को मुसीबत में फंसा देख मां ने आरोपी द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर में दो बार में चार लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### उधार दिए रुपये न मिलने पर किसान ने खाया जहर

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव फरीदाबाद में पड़ोसी ने उधार के रुपये नहीं लौटाए तो किसान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां शनिवार सुबह चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव फरीदाबाद में किसान लाल सिंह ( 60 ) का परिवार रहता है। उसने अपने पड़ोसी लोकेश को एक लाख 30 हजार रुपये उधार दिए थे। बताया कि लाल सिंह उससे अपने रुपये वापस देने के लिए कई बार कह चुका था। लेकिन वह टाल देता था। इस मामले को लेकर गांव में शुक्रवार को एक पंचायत भी हुई। लेकिन लोकेश ने रुपये देने से मना कर दिया। इससे तनाव में आए लाल सिंह ने घर पहुंचकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

# गर्रा नदी में नहाने गए तीन भाइयों की डूबकर जान गई

## 8 से 13 साल के चचेरे-तहेरे पांच भाई घर वालों को बिना बताए गए थे

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** गर्रा नदी में नहाने गए तीन भाइयों की डूबकर मौत हो गई। चचेरे-तहेरे पांच भाई घर में बिना बताए नहाने के लिए गए थे। 3 घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर बच्चों के शव निकाल सके।

थाना कांट के गांव ताहरपुर निवासी राकेश का पुत्र शिवम (11), आरेंद्र (9) अपने चचेरे भाइयों शेषपाल (11), पेशकार (13), विजय कुमार (8) पुत्रगण राजेश कुमार के साथ शनिवार सुबह करीब आठ बजे गांव से करीब दो किलोमीटर दूर थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव परसनियपुर में गर्रा नदी में नहाने चले गए। विजय बाहर खड़ा रहा, बाकी बच्चे नदी में घुस गए। गहराई में पहुंचने पर सभी डूबने लगे। पेशकार बाहर निकल आया लेकिन शेषपाल, आरेंद्र और शिवम डूब गए। पेशकार और विजय ने गांव पहुंचकर घर वालों को बताया।

### दो बेटों की मौत से टूट गए रीना और राकेश

आरेंद्र और शिवम सगे भाई थे। दोनों बच्चों की मौत के बाद रीना देवी व राकेश कुमार के परिवार में अब तीन माह का बेटा और चार वर्ष की बेटी राखी है। दोनों बेटे गांव के ही प्राथमिक स्कूल में पढ़ रहे थे। परिवार की हालत ऐसी है कि कमाई के लिए राकेश कुमार को मय परिवार के दिल्ली जाना पड़ गया। इस वजह से दोनों बेटों की पढ़ाई छूट गई। होली पर जब गांव लौटे तो इसके बाद बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। एक साथ दो बेटों की मौत को रीना बर्दाशत नहीं कर पा रही थी।

### शेषपाल पांच भाइयों में चौथे नंबर का था

शेषपाल पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। उससे बड़े अरविंद( 21), देवेंद्र ( 19), पेशकार( 13 ) और सबसे छोटा आठ वर्षीय विजय कुमार हैं। शेषपाल ने गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता था, इसी वर्ष उसने कक्षा पांच की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। शेषपाल की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। मां गिरिजा देवी बार-बार बेसुध हो रही थी। पिता राजेश के भी आंसू थम नहीं रहे थे।

## तीन भाइयों समेत पांच ने की शराब पार्टी, एक की मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** सिकंदरपुर वैश्य के ग्राम जिनौल में तीन सगे भाइयों सहित पांच लोगों ने खेत में दारू पार्टी की। शनिवार सुबह एक बुजुर्ग का शव खेत पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत का कारण शराब ज्यादा पीने से होना बताई जा रहा है। गांव जिनोल निवासी वीर सिंह (55), उसके भाई धीरपाल सिंह (50), उदयवीर सिंह (45) और गांव के किशन वीर सिंह सहित पांच लोगों ने शुक्रवार रात खेत पर जाकर दारू पार्टी की। शराब पीने के बाद चार लोग अपने घर चले गए। जबकि वीर सिंह खेत पर ही रह गया। शनिवार सुबह खेत पर वीर सिंह का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने बताया 25 वर्ष पूर्व वीर सिंह की पत्नी बच्चों समेत चली गई थी। इससे वह शराब पीने का आदी हो गया था। वह सुबह से ही शराब पीने लगता था।

## मां की गोद से छिटककर गिरे बच्चे को डंपर ने कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उसहैत क्षेत्र के गांव भंद्रा के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मां की गोद से छिटककर सड़क पर गिरे मासूम को डंपर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना उसहैत क्षेत्र के गांव भंद्रा के पास डंपर ने पीछे से बाइक सवार दंपती को टक्कर मारी दी। महिला की गोद में बैठा सवा महीने का बच्चा सड़क पर जा गिरा और डंपर का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। दंपती ने मासूम के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव अपने साथ गांव ले गए।

कस्बा उसहैत के वार्ड चार निवासी मुर्शीद पुत्र छोटे शनिवार दोपहर लगभग दो बजे अपनी पत्नी मीना और सवा महीने के बेटे अफरान के साथ अपनी रिश्तेदारी दातागंज जा रहे थे। वह थाना उसहैत क्षेत्र के गांव भंद्रा के पास पहुंचे। डंपर ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक का संतुलन बिगड़ गया। मीना की गोद से मासूम अफरान छिटककर सड़क पर जा गिरा। मीना उसे उठाने के लिए बढ़ी लेकिन डंपर का पहिया मासूम के ऊपर चढ़ गया। बच्चे की मौत हो गई। मीना बेसुध हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। डंपर के चालक को मय डंपर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। चालक को पकड़का थाने ले गई। दंपती ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। मासूम का शव घर ले गए। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। मुर्शीद ने डंपर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। बच्चे की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

## पल्लेदार हत्याकांड में पुलिस ने पांच को हिरासत में लिया

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** लूटपाट के दौरान पल्लेदार की हत्या के मामले में इस्लामनगर पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस ने सर्विलांस और कॉल डिटेल के आधार पर पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था के मद्धेनजर सादा वर्दी में पुलिस मौजूद रही। पुलिस ने महेश की पत्नी ममता से भी पूछताछ की है।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव अल्हैपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी महेश राणा की तीन चार बदमाशों ने पीटकर हत्या कर दी और घर से नकदी व जेवर लूट ले गए। घटना से पुलिस बल में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर एडीजी पीसी मीणा पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एडीजी के निर्देश पर एसएसपी ने चार टीमों का गठन कर घटना के खुलासे के लिए लगा दिया। इस प्रकरण में पुलिस ने पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। हालांकि पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने महेश राणा की पत्नी ममता से भी पूछताछ की। वहीं गांव में सादा कपड़ों में भी पुलिस तैनात की गई है। पुलिस हर संदिग्ध पर नजर रख रही है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## बंद इकाइयां चालू नहीं, बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बंद चल रहीं बिजली उत्पादन इकाइयां शनिवार को चालू नहीं हो सकीं, इस बीच टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट लगातार बना हुआ है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाई बंद चल रही है। इससे 1470 मेगावाट उत्पादन घट गया है। प्रदेश में बिजली की प्रतिबंधित मांग 28,714 मेगावाट रही। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की गई।

## सोशल मीडिया पर आती रहीं शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान के दौरान अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में विपक्ष की ओर से निर्वाचन आयोग में शिकायतें दर्ज करायीं गईं है। कहीं ईवीएम खराब होने, कहीं फर्जी मतदान तो कहीं प्रत्याशी के आचार संहिता का पालन न करने की भी घटनाएं सामने आयीं। कहीं-कहीं सपा और भाजपा समर्थकों के बीच छिटपुट झड़प भी हुई।

इस क्रम में प्रयागराज के करेली में शनिवार की दोपहर एक मतदान स्थल पर सहायक पुलिस आयुक्त पुष्कर वर्मा के साथ नोंकझोंक के बाद पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। उधर, सपा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया है कि अंबेडकरनगर लोकसभा की टांडा विधानसभा में बूथ संख्या 161 पर बीएलओ की भाजपा समर्थकों ने पिटाई की इसके अलावा उसे धमकी देकर बूथ से निकाला। वहीं, बस्ती लोकसभा के सदर विधानसभा में एक बूथ पर भाजपा के नेताओं द्वारा फर्जी मतदान का आरोप भी सपा ने लगाया। ऐसे ही आरोप जौनपुर लोकसभा की मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में बूथ संख्या 385 के लिए भी सामने आए। यहां चर्चा रही कि भाजपा के लोगों द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने सुबह कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का भरोसा जताया। शनिवार को मतदान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका जाहिर की। उन्होंने शिकायत में कहा कि हमीरपुर के स्ट्रांग रूम में पांच बार बिजली जा चुकी है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को भी कहा है।

### सुचारू चला मतदान, तुरंत की कार्रवाईः आंद्रा वामसी



जिलाधिकारी बस्ती आंद्रा वामसी ने हरैया विधान सभा ( 307 ) के बूथ नंबर 192 पर धीमी वोटिंग और पार्टी के एजेंट को भगाने के संबंध में की गई शिकायत को निराधार करार दिया। उन्होंने बताया कि मतदान सुचारू रूप से चलता रहा। जहां भी ईवीएम को बदलने की स्थिति हुई तुरंत बदला गया और ईवीएम व वीवीपैट मशीन में कुछ स्थलों पर आई तकनीकि खराबी को समय रहते सही किया गया। वहीं, कोतवाली सदर पुलिस ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि फेसबुक पर वीवीपैट का फोटो वायरल करने वाले अरविन्द चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी निवासी मनहनडीह थाना कोतवाली बस्ती नामक व्यक्ति हिरासत में लिया गया है। उस पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तालिबानी शासन लागू करना चाहती है कांग्रेस



**अमृत विचारः** कांग्रेस सत्ता में आएगी तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी।

इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा और महिलाओं को बुर्के में घर में ही दुबकना पड़ेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलिया की सलेमपुर लोकसभा, बलिया लोकसभा, चंदौली लोकसभा और गाजीपुर लोकसभा में प्रचार के दौरान कही। इस दौरान योगी ने लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। योगी ने सलेमपुर लोस. की जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और इंडी गठबंधन के सभी दल हिंदू विरोध की राजनीति करते हैं।

## ईवीएम छोड़कर महिला कर्मचारी फरार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** संतकबीरनगर के मतदान बूथ संख्या 207 पर वोटिंग मशीन छोड़कर मतदान केंद्र से पीठासीन अधिकारी अचानक गायब हो गई। इस मामले में स्थानीय प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित पीठासीन अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मेंहदावल थाना क्षेत्र के ददरा बूथ नंबर 207 पर शालिनी चतुर्वेदी सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कानापार की ड्यूटी लगी थी।

## रुपये वसूलने को मौत के बाद भी बच्ची का इलाज करते रहे डॉक्टर

**लखनऊ, अमृत विचारः** राजधानी के दो अस्पतालों पर मृत बच्ची का इलाज करके रूपये वसूलने का आरोप लगा है। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर दोनों अस्पतालों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

आशियाना निवासी अमित सोनी ने बताया कि 18 महीने की बेटी को गुरुवार शाम दस्त शुरु हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने डायरिया बताया। अस्पताल ने 60 हजार रुपये जमा कराने के बाद इलाज शुरू किया। इसी दौरान उसे इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगाते ही बच्ची का शरीर नीला पड़कर अकड़ गया। उसी समय बच्ची की मौत हो गई थी। लेकिन वेंटिलेटर के नाम पर शहर के नामचीन ऐसे अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां दोनों की सांठगांठ है। वहां बिना किसी जांच पड़ताल के डेढ़ लाख रुपये जमा कराकर भर्ती कर लिया गया। रात भर डॉक्टर इलाज का दावा कर बहलाते रहे।


**चौ. रामप्रकाश यादव महाविद्यालय**
**तुलसी नगर बदरिया सोरों (कासगंज)**

को कला संकाय में निम्न विषयों हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, संस्कृत तथा विज्ञान संकाय में निम्न विषयों हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 27.05.2024 से 31.05.2024 तक महाविद्यालय में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर महाविद्यालय सचिव से सम्पर्क कर आवेदन कर सकते है। चयनित अभ्यर्थी को यू.जी.सी. एवम् विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वेतनमान दिया जायेगा।

आवेदन के उपरान्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सूचना अलग से दी जायेगी। योग्यता सम्बन्धित विषय में Ph.D. या NET उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**सचिव-सुधीर कुमार यादव**
**मो. 9719574717**


# उत्तराखंड

## कैंची धाम में उमड़े श्रद्धालु, लगा जाम

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार को बाबा नीम करोली के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भीड़ बढ़ने लगी और दिन तक लम्बी कतार लग गई, जहां रोड पर दोनों तरफ वाहन रेंग रहे थे वहीं सड़क पर श्रद्धालुओं की लाइन दिखी।

अमूमन रोज ही भीड़ दिखने वाले कैंची धाम में अब मंगलवार व शनिवार को श्रद्धालु ज्यादा आने लगे हैं, क्योंकि लोग बाबा को हनुमान का अवतार मानते हैं। इन दो दिनों में दर्शन करना ज्यादा भाग्यशाली मान रहे हैं। वहीं नया वाहन खरीदकर अधिकतर श्रद्धालु सीधे बाबा के दर्शन को भी आ रहे हैं। सीतापुर के



कैंची धाम में उमड़े श्रद्धालु।

एक श्रद्धालु ने बताया कि वे नयी कार लेकर बाबा के दर्शन को आये हैं। बस बाबा का ऐसा आशीर्वाद मिला कि पता ही नहीं चला कि ये कार मैंने कैसे खरीद ली। जहां लोग भारी संख्या में बाबा के दर्शन कर रहे हैं तो पुलिस व वॉलेंनटियर सीटी बजाकर भीड़ को कन्ट्रोल करते दिख रहे हैं। शनिवार को सुबह से भवाली-भीमताल कैंची धाम के पास सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।

कैंची धाम जाने वाले पर्यटक सुबह से जाम में फंसे रहे। पुलिस लगातार जाम खुलवाती रही। कैंची धाम पार्किंग सुबह ही पूरी तरह से फुल हो गई। भवाली कोतवाल डीआर वर्मा टीम के साथ जाम वाले क्षेत्रों में जाकर जाम खुलवाते रहे। व्यापारी दीपक, गणेश गयाल, मुसर्रफ अंसारी, गौरव पाठक ने कहा कि जाम लगने से व्यापारियों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। आगामी 15 जून को कैंची धाम में स्थापना दिवस मेला होना है।

## मनौती के लिए देव डोली लेकर चले गायक जुबिन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचारः** बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल इन दिनों धार्मिक यात्रा पर हैं। जुबिन के परिवार ने देव डोली यात्रा निकाली है, जिसमें वह बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। देव डोली यात्रा शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव क्यारी के लिए रवाना हुई है। तीन देवताओं चूड़ेश्वर, शिलगुर और बिजट महाराज की डोलियां और श्रद्धालुओं ने बैराटखाई में शुक्रवार रात विश्राम किया। शनिवार सुबह पूजन-अर्चन के बाद जुबिन और उनके पिता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल ने देवताओं की पिटारियों को पीठ पर



रखकर यात्रा शुरू की। सिमोग मंदिर से क्यारी गांव तक 60 किमी की यह यात्रा है। जुबिन ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पहली बार तीन देवता हमारे घर आ रहे हैं। जुबिन के पिता ने कहा कि तीनों देव डोलियां आज हमारे गांव के लिए प्रस्थान कर रही हैं। हम ईष्टदेव से प्रार्थना करते हैं कि हमारा गांव, कुटुंब तमाम पूरा क्षेत्र सब की खुशहाल रहे।

## मुझे 6 हजार लौटा दो कहकर युवती से ठग लिए 38 हजार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मुझे आपके पापा ने आपको 9 हजार देने को कहा था, लेकिन गलती से 15 हजार आपके खाते में डाल दिए। अब आप मुझे 6 हजार वापस लौटा दीजिए। यह कहते हुए साइबर ठग ने युवती से 38 हजार रुपये ऐंठ लिए।

गांव प्रतापपुर दयाल कुंज निवासी नेहा सैनी पुत्री रामकिशन सैनी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। गुरुवार की शाम उसके मोबाइल फोन पर एक युवक का फोन आया। कॉलर ने कहा कि आपके पापा ने मुझको आपके खाते में 9 हजार रुपये डालने को कहा था, लेकिन गलती से आपके खाते में 15 हजार चले गए हैं। अब आप मुझे 6 हजार वापस कर दो। युवती ने उस पर विश्वास कर 6 हजार वापस भेज दिए। बाद में उस युवक का दोबारा फोन आया। उसने कहा कि उसके पास पैसे नहीं पहुंचे हैं। वह एक लिंक भेज रहा है। इसे एक्सेप्ट कर लें। लिंक एक्सेप्ट करते ही युवती के खाते से कुल 38000 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने युवती की तहरीर जांच के लिए साइबर थाना रुद्रपुर को भेज दी है।

## सेवानिवृत्त दरोगा को लगाया 12 लाख रुपये का चूना

**रुद्रपुर, अमृत विचारः** वर्ष 2018 में कोतवाली में तैनात एक दरोगा को खड़िया कारोबार में पार्टनर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि मुख्य आरक्षी ने दरोगा को पार्टनर बनाने का झांसा दिया और ठगी को अंजाम दे डाला। सेवानिवृत्त दरोगा राजेंद्र प्रसाद कोहली ने बताया कि वर्ष 2018 में वह कोतवाली रुद्रपुर में तैनात था। इसी दौरान उसकी मुलाकात कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी से हुई थी। उसने झांसा देकर 12 लाख रुपये ठग लिए।

### आदि कैलाश जाने वालों को गुंजी में मिलेगा पेट्रोल

**नैनीताल, अमृत विचार :** आदि कैलाश आने वाले भक्तों को अब धारचूला के गूंजी में पेट्रोल पंप की सुविधा मिलने जा रही है। कुमाऊं मंडल विकास निगम गंजी में पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक डॉ संदीप तिवारी ने बताया धारचूला के बाद ऊंचाई वाले क्षेत्र में अब तक लोगों की आवाजाही न के बराबर थी। जिसके चलते उसे क्षेत्र में पेट्रोल पंप स्थापित नहीं हो सका था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश यात्रा के बाद क्षेत्र में आने वाले भक्तों की संख्या में रुझान बड़ा है बीते वर्षों की अपेक्षा में इस वर्ष दोगुना से ज्यादा भक्त आदि कैलाश के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में पर्यटकों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां आने वाले भक्तों और पर्यटकों की सुविधा के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम गुंजी में पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है।

### फर्जी पर्यटक गाइडों का चालान किया

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल के पर्यटक स्थलों में पर्यटकों को गुमराह करने की लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर पालिका ने शनिवार को पर्यटक स्थलों पर छापेमारी कर फर्जी पर्यटक गाइडों के खिलाफ अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि नैनीताल में पर्यटकों को घूमाने के लिए नगर पालिका द्वारा लाइसेंस जारी किए जाते हैं, ताकि पर्यटकों के साथ किसी प्रकार की अभद्रता या घटना ना हो, लेकिन इन दोनों पर्यटक स्थलों में बाहरी क्षेत्र से आकर लोग पर्यटक गाइड बन गए हैं जिन्हें पर्यटक स्थलों की जानकारी नहीं है। जो पर्यटकों को भ्रमित कर रहे हैं जिनके खिलाफ अभियान चला गया है।


**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

**क्षेत्रीय कार्यालय- प्रथम तल, बी.डी.ए. कॉम्पलेक्स, प्रियदर्शनी नगर, बरेली (यू.पी.) 243122**

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी में अंकितानुसार तिथि को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वही है" आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं.. | कर्जदार, सह-कर्जदार व गारंटीदाता का नाम | बेचे जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि+ब्याज | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी :** 1. **श्री राजीव कुमार सिंह** पुत्र स्व. जोगेन्द्र सिंह, गली नं.5, गणेश नगर, निकट सुभाष न गर, बदायूँ रोड, बरेली 2. **श्री प्रमोद कुमार सिंह** पुत्र स्व. जोगेन्द्र सिंह, गली नं.5, गणेश नगर, निकट सुभाष न गर, बदायूँ रोड, बरेली 3. **श्री अमोद कुमार सिंह** पुत्र स्व. जोगेन्द्र सिंह, गली नं.5, गणेश नगर, निकट सुभाष न गर, बदायूँ रोड, बरेली 4. **श्री सुनील कुमार सिंह** पुत्र स्व. जोगेन्द्र सिंह, गली नं.5, गणेश नगर, निकट सुभाष न गर, बदायूँ रोड, बरेली **गारन्टर :** 1. **श्रीमती सन्तोष कुमारी** पुत्री स्व. जोगेन्द्र सिंह, गली नं.5, गणेश नगर, निकट सुभाष न गर, बदायूँ रोड, बरेली 2. **श्री दया राम** पुत्र गंगा राम, निवासी-करगैना, बी.डी.ए. कालोनी, करेली, बरेली **शाखा : रोहिलखंड यूनिवर्सिटी बरेली ब्रांच** | सिंग व डबल स्टोरी आवासीय सम्पत्ति के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 167.22 वर्ग मी. (200 गज) जो खासरा नं. 393/2, स्थित नेकपुर, तहसील व जिला बरेली जो कि श्री राजीव कुमार सिंह, अमोद कुमार सिंह, श्री प्रमोद कुमार सिंह श्री सुनील कुमार सिंह व सन्तोष कुमारी के नाम है। **चौहद्दी : पूरब**-अशोक कुमार व प्रेम किशन का मकान, **पश्चिम**-रास्ता 12 फिट चौड़ा, **उत्तर**-बृज पाल सिंह, **दक्षिण**-श्याम चरन व श्रीमती राम देवी का मकान | **रु. 24,88,657.83** (चौबीस लाख अठासी हजार छः सौ सत्तावन रुपये तिरासी पैसे मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 43.43 लाख | रु. 4.343 लाख |
| 2. | **ऋणी :** **श्री फईक अब्बास पुत्र श्री महबूब अहमद,** 4, एजाज नगर गौटिया, निकट दो मीनार मस्जिद, पुराना शहर, बरेली उ.प्र. - 243001 **गारन्टर :** 1. **मो. अनीस खान पुत्र रईस अहमद खान** 1248, वार्ड नं. 67, एजाज नगर गौटिया, निकट पुराना कब्रिस्तान, बरेली उ.प्र. - 243006 2. **मो. सादिक पुत्र नौशे बख्श** 194/14ए, एजाज नगर गौटिया, निकट चांद मस्जिद, बरेली उ.प्र. - 243006 **शाखा : रोहिलखंड यूनिवर्सिटी बरेली ब्रांच** | आवासीय सम्पत्ति के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 66.23 वर्ग मी., नं. 214 खसरा नं. 32 का भाग, स्थित जगतपुर लाला बेगम, परगना, तहसील व जिला बरेली जो कि फईक अब्बास पुत्र महबूब अहमद के नाम है। **चौहद्दी : पूरब**-रास्ता 10 फिट चौड़ा, **पश्चिम**-रफीक की जमीन, **उत्तर**-अशफाक का मकान, **दक्षिण**-अन्य के मकान | **रु. 13,86,761.98** (तेरह लाख छियासी हजार सात सौ इकसठ रुपये अट्ठानवे पैसे मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 26.0 लाख | रु. 2.60 लाख |

**नियम व शर्तें : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 में वर्णित नियम व शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगी:-**
1. सम्पत्तियों को "जैसा है जहां है" और "जैसी है जो है" और "जो भी है वही है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरणों को प्राधिकृत अधिकारी की उचित जानकारी के अनुसार अंकित किया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयानी या भूल-चूक के लिए जवाबदेय नहीं होंगे। 3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री के लिए दिनांक 26.06.2024 को दोपहर 12:00 से अप. 04:00 बजे तक वेबसाईट www.mstcecommerce.com में प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया www.mstcecommerce.com या www.unionbankofindia.co.in देखें। 5. अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गई शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। 6. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, ई-नीलामी के दिन के प्रारम्भ होने पर या उससे पहले।

दिनांक : 24.05.2024 स्थान-बरेली प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक

## सार-संक्षेप

### घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में संशोधन की अनुमति स्वीकार्य: इलाहाबाद हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत एक आवेदन में संशोधन की अनुमति देते हुए कहा कि संबंधित न्यायालय उक्त अधिनियम के तहत शिकायतों में संशोधन स्वीकार कर सकती हैं। उक्त आदेश अधिनियम, 2005 (डीवी अधिनियम) की धारा 12 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश और उसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश, कानपुर देहात के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया गया। न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न था कि क्या डीवी अधिनियम के तहत दाखिल आवेदन का निस्तारण करने वाली संबंधित अदालत को मूल रूप से दाखिल आवेदन में संशोधन की अनुमति देने की शक्ति है या नहीं। इस प्रश्न पर विचार करते हुए कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से निष्कर्ष निकाला कि संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष दावा की गई राहतें उक्त अधिनियम के अध्याय 4 की धारा 12 से 29 के तहत अनिवार्य रूप से सिविल प्रकृति की मानी गई हैं। सलीम अहमद की याचिका पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति डॉ. योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने यह माना कि मूल आवेदन में संशोधन की अनुमति तब भी दी जा सकती है, जब वह किसी साधारण दोष से संबंधित हो, जिसका औपचारिक संशोधन के माध्यम से उपचार किया जा सकता हो और ऐसे संशोधन को अनुमति देने से दूसरे पक्ष का कोई नुकसान न होने की संभावना हो।

### क्लोन चेक से रकम निकालने आया जालसाज गिरफ्तार



लखनऊ, अमृत विचार : जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) में खोले गए फर्जी खाते में क्लोन चेक लगाकर रकम निकालने का प्रयास कर रहे एक जालसाज को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। आरोपी इससे पहले भी दो इसी तरह फर्जीवाड़ा करके क्लोन चेक से रकम निकाल चुका है। आरोपी को पकड़ने के बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अब उससे पूछताछ करने में जुटी है। जीपीओ के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 :30 बजे एक युवक चेक से रुपये निकालने आया। काउंटर पर उसने चेक जमा किया। यह चेक आजमगढ़ के हीरापट्टी पंजाब नेशनल बैंक का था। 45 हजार रूपये का यह चेक देखकर काउंटर पर तैनात बाबू को शक हुआ। उसने पूछताछ की तो चेक जमा करने वाला युवक जयप्रकाश कुमार भागने लगा। इस पर बाबू ने अन्य सहयोगियों की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लखनऊ के बुद्धेश्वर का रहने वाला है। इससे पहले 21 मई को भी दो चेक इसी तरह से लगाकर 93 हजार रूपये निकाल चुका है। पुलिस के मुताबिक बिना किसी जांच पड़ताल के जीपीओ में खाते खोले जा रहे हैं। क्लोन चेक से इससे पहले भी इसी खाते से रकम निकलने के बाद भी विभाग ने इसपर अंकुश नही लगाया।

### पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का शुरू हुआ काम

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण शुरू हो गया है। इनके निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होगा। अगले वर्ष तक इनका काम पूरा होने की संभावना है। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत जिलों में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाए जा रहे हैं। इन विद्यालयों के निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। शासन ने निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए पहली किस्त के रूप में 20 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे। इन जिलों में स्कूलों के निर्माण के लिए मानक के हिसाब से पांच-पांच एकड़ भूमि जिला प्रशासन की ओर से पहले ही मुहैया करवा दी गई है। वर्तमान में यूपी के 75 जिलों में 94 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हैं। उक्त पांच जिलों में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण शुरू हो गया है।

### 125 करोड़ गरीबों के बुरे दिन दूर नहीं हुए : मायावती

अमृत विचार। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्र में यूपीए हो या फिर वर्तमान की एनडीए सरकार, कुछ मुठठी भर लोगों को छोंड़कर देश के लगभग 125 करोड़ गरीब व मेहनतकश जनता के बुरे दिन दूर नहीं हुए हैं। उन्हें आत्म-सम्मान के साथ रोटी-रोजी का बुनियादी हक नहीं मिल रहा है। मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट करते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं से मुक्ति की चिंता करते हुए, सरकार चुनने का संकल्प के साथ मतदान करना होगा। तभी बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय संभव है। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार के लिए आपका वोट जरूरी है।

### राम मंदिर परिसर में शुरू होगा अस्पताल

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ के निर्माण योजना पर अंतिम मुहर लग गई। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर के साथ परकोटा, सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर निर्माण किया जा रहा है। राम मंदिर में विराजमान रामलला के बराबर ऊंचाई पर शेषावतार का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में अपोलो हॉस्पिटल अपना एक ब्रांच खोलने जा रही है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ अनुबंध किया गया है। दो महीने के अंदर कार्डियक व इमरजेंसी सुविधाओं से युक्त अस्पताल शुरू हो जाएगा। इसके अलांवा तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय, ऑडिटोरियम, अतिथि निवास गृह का निर्माण किया जाना है। परिसर में लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया जाएगा। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन बैठक से पूर्व राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में यात्री सुविधा केंद्र सहित मंदिरों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माणाधीन यात्री सुविधा केंद्र अगस्त तक तैयार होकर एलएंडटी को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**लखनऊ, अमृत विचार :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिये अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों ने मतदान किया। इसके अलावा कुल 35,532 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी के जरिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ईटीपीबीएस) से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई। 12,494 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 18 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2,833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये। निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये।

## प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन की पार्टियों को बताया सांप्रदायिक और जातिवादी

# वंचितों का जो अधिकार, मोदी उसका चौकीदार

ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ



गाजीपुर की सभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी। साथ में योगी व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनमें कुछ अवगुण समान हैं। ये घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। इन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, रामनाथ कोविंद का अपमान किया, एक आदीवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। महाराज सुहेलदेव को इन्होंने कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग दलितों का आरक्षण छीन कर उसे मुस्लिमों को देने का षडयंत्र कर रहे हैं। कर्नाटक में उन्होंने रातों रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। बंगाल में इनका बहुत बड़ा षडयंत्र खुल गया है। पूरा इंडी गठबंधन आरक्षण की लूट में शामिल है। मोदी इनसे लड़ाई लड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जबतक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी का आरक्षण किसी हालत में छीनने नहीं देगा। यह भी जोड़ा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। प्रधानमंत्री शनिवार को गाजीपुर के आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा है कि उप्र. सरकार में आज दंगे भी बंद हो चुके हैं और दंगाई भी। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार के समय माफिया खुली जीप में बैठकर कानून को खुलेआम चुनौती देते थे, हर महीने दो से तीन दंगे हुआ करते थे।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण में हर हद पार कर रहा है। सपा नेता राममंदिर को बेकार बताते हैं। कांग्रेस के शहजादे राममंदिर पर ताला लगाना चाहते हैं। कांग्रेस फिर से कश्मीर को आग में झोंकना चाहती है, सैनिकों को शहीद करना चाहती है, पाकिस्तान को मजबूत बनाना चाहती है। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार में मंत्री व सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर आदि मौजूद रहे।

### इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर से धोखा किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वासघात किया है। यहां के लोग गरीबी में घुट घुटकर जीने को मजबूर रहे। यहां की तकलीफ को सबसे पहले हमारे गहमरी बाबू ने उठाया था। उन्होंने आंख में आंसू लेकर नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई और कहा कि कैसे यहां के लोग जानवरों के गोबर से गेहूं बीनकर खाते थे। कांग्रेस ने उसमें भी राजनीतिक मौके तलाश लिए। सियासी ड्रामे किए। आंख में धूल झोंकने के लिए पटेल आयोग बना, रिपोर्ट आई और फाइल को धूल फांकने के लिए छोड़ दिया गया।

### अयोध्या में कम मतदान से भाजपा हैरत में

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा हैरत में है। अयोध्या और राम मंदिर के मुद्दे पर जहां 2024 के चुनाव में पार्टी पूरे देश में फतह करने की सोच रही थी, वहीं अयोध्या में ही मतदाताओं ने भाजपा को निराश कर दिया है। मौजूदा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट पर 59.14 फीसदी मतदान हुआ। वहीं इस सीट की पांच विधानसभाओं में सबसे कम मतदान अयोध्या में हुआ जो पिछली बार की अपेक्षा 5.48 प्रतिशत कम है। हैरानी की बात यह है कि अयोध्या विधानसभा में भी देहात के मुकाबले महानगर में बेहद कम वोट पड़ा। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे ... यह नारा भाजपा की तरफ से इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के बाद सर्वाधिक अगर कहीं का दौरा व प्रवास किए हैं तो वह अयोध्या ही है।

# सिंथेटिक ड्रग की गिरफ्त में प्रदेश सालाना 300 करोड़ का कारोबार

## रेव पार्टियों के बढ़ते चलन से नशे की दलदल में फंस रहा युवा वर्ग

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ



**अमृत विचार :** लखनऊ सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में सिंथेटिक ड्रग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में सिंथेटिक दवाओं का सालाना करीब 300 करोड़ से अधिक का कारोबार हो रहा है। लेकिन वैध दवाओं की शक्ल में बिक रहा यह नशा मुश्किल से 10 फीसदी ही पकड़ में आ रहा है। शुक्रवार को एसटीएफ ने ट्रॉमाडोल टैबलेट्स के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में सामने आया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दवाओं की बिक्री कर रहे थे। यह इनपुट मिलने के बाद एनसीबी की टीम इस सिंडिकेट का पता लगाने में जुट गई है।

नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच में सामने आया कि रेव पार्टियों के बढ़ते चलन ने सिंथेटिक ड्रग के कारोबार को बढ़ा दिया है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों के बाद लखनऊ में भी यह तेजी से पैर पसार रहा है। गांजा, चरस, अफीम जैसे प्राकृतिक मादक पदार्थों से तैयार होने वाले नशे के मुकाबले रसायनिक तत्वों से बनाए जा रहे सिंथेटिक ड्रग आसानी से सुलभ और ज्यादा उत्तेजक हैं। इसलिए युवा जल्दी इसकी लत पकड़कर नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। इसमें कुछ दवाएं ऐसी भी हैं जिनकी एक डोज ही जिंदगी के लिए घातक साबित हो सकती है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चार साल में जितने मादक पदार्थ पकड़े उनमें 20 से 30 फीसदी सिंथेटिक ड्रग शामिल हैं। 2020 से अब तक एनसीबी ने प्रदेश भर से करीब 60 हजार किलो मादक पदार्थ पकड़े हैं। इनकी बाजार कीमत 400 करोड़ रूपये से ज्यादा है। इसमें बड़ी मात्रा में नाइट्राजपॉम, अल्प्राजोलम, क्लोनाजपॉम, एमडीएम, एलएसडी और नशीली दवाओं में उपयोग होने वाला घातक रसायन एसिटिक एनहाइड्राइड शामिल है।

### 6 से 10 हजार तक की एक डोज

एनसीबी के विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ नशे बेहद मंहगे हैं जो बड़ी-बड़ी पार्टियों में परोसे जा रहे। इनमे एलएसडी और एमडीएमए ज्यादा चलन में है। उन्होंने बताया कि वैक्टिरिया के वजह के बराबर एलएसडी के एक डोज की कीमत 6 से 10 हजार रूपये है। जबकि एमडीएमए 40 से 40 हजार रूपये प्रतिग्राम की रेट से बिक रहा है। इसकी एक डोज 8 से 10 हजार रुपये तक होती है। दोनों ड्रग पाउडर फार्म में होते हैं।

### रेवती रमण सिंह समेत 50 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट इलाहाबाद और फूलपुर में शाम 6:00 बजे वोटिंग समाप्त हो गई। इलाहाबाद में शाम 6:00 बजे तक 51.75 और फूलपुर में 48.94 प्रतिशत मतदान हुआ दोनों सीटों 51 29 प्रत्याशी मैदान में थे। प्रयागराज में कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल अमर सिंह के पिता और पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह को करैली पुलिस ने शाम को हिरासत में ले लिया था। करीब दो घंटे थाने पर रखने के बाद उन्हे छोड़ दिया गया। लेकिन हंगामा करने के मामले में करेली थाने के दरोगा मनीष कुमार की तारीख पर रेवती रमण समेत 50 समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### किशोरी का अपहरण कर तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, किशनपुर-फतेहपुर

- जंगल में मवेशी चराने गई थी किशोरी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

अमृत विचार : किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को अगवा कर उसके साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित किशोरी के पिता का आरोप है कि उसकी 15 वर्ष की बेटी जंगल में मवेशी को चराने गई थी। इस दौरान गांव के ही रहने वाले झुर्री, धर्मपाल व ननकाई किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। किशोरी को अगवा कर पूरा दिन उसके साथ गैंगरेप किया। किशोरी को घर में न देखकर परिजनों ने किशोरी की तलाश शुरू की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। देर रात किशोरी घर लौटी। तब उसने आप बीती परिजनों से बताई। किशोरी की आप बीती सुनने के बाद परिजनों के पैर तले से जमीन खिसक गई। इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। देर रात पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में रिपोर्ट कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### अयोध्या मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख का जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) ने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया जाता है कि मानक पूरे न मिलने पर यह जुर्माना ठोका गया है। जुर्माने की राशि एक हफ्ते के अंदर जमा करनी होगी। लखनऊ स्वास्थ्य महकमे के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो अयोध्या मेडिकल कॉलेज ने एनएमसी को कुछ गलत सूचनाएं दी थीं। इसके बाद एनएमसी ने ऑनलाइन जांच में मेडिकल कॉलेज की ओर से दी गईं सूचनाओं की जांच कराई तो मानक पूरे नहीं मिले। मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी की बायोमीट्रिक अटेंडेंस शॉर्ट थीं। इसके अलावा एनॉटॉमी विभाग में भी कमियां मिलीं। डिलीवरी भी कम हुई थीं। सीजर भी मानक के मुताबिक नहीं हुए थे।

### हाईवे पर हादसा : 3 श्रद्धालुओं की मौत, 11 लोग हुए घायल

अयोध्या कार्यालय

- ओवरटेक के चक्कर में टेंपो ट्रैवलर हुई हादसे का शिकार

**अमृत विचार :** कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक टेंपो ट्रैवलर प्रयागराज हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। हादसा शुक्रवार मध्यरात्रि के बाद बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा स्थित एक एजेंसी के सामने हुआ। दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई है, जबकि 11 घायल हुए हैं।

कर्नाटक के जिला गुलबर्गा स्थित नगर कोतवाली के ओम नगर मोहल्ला निवासी श्रद्धालुओं का एक समूह तीर्थाटन के लिए निकला था और शुक्रवार रात काशी विश्वनाथ से दर्शन-पूजन के बाद वाराणसी से एक टेंपो ट्रैवलर से अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आ रहा था। मध्य रात्रि के बाद टेंपो ट्रैवलर प्रयागराज हाईवे पर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित शेरपुर पारा स्थित एक एजेंसी के निकट ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक टेंपो ट्रैवलर का दायां हिस्सा किसी ट्रक से रगड़ खाने के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में सवार श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस में एंबुलेंस की मदद से 14 घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आशीष पाठक ने श्रद्धालु शिवपूजन और तनजप्पा को मृत घोषित कर दिया। जबकि नौ गंभीर घायलों शिवराज, सुगलाबाई, अनरप्पा कोरे, कीर्ती वारी, सुंदरपता, तारावती, प्रीती (19), शिवलीला व चंद्रकांता को भर्ती किया है। गंभीर घायल शिवराज को हायर सेंटर सेंटर रेफर किया था, जहां उसकी मौत हो गई।


### वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3. 1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।
4. 1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।
5. 1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।
6. 1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।
8. 1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।
2. 1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।
3. 1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता
5. 1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।
7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | ■ | 2 आ | ■ | ■ | 3 फ़े |
| ■ | ■ | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ज़ी |
| 6 की | श | ■ | फा | ■ | 7 फ | ■ |
| क | ■ | 8 अ | न | भ | ला | ■ |
| 9 र | ह | मा | न | ■ | दे | ■ |
| ण | ■ | न | ■ | 10 सं | श | य |

### सुडोकू -160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |


### सुडोकू -159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।

**वृष:** आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।

**कर्क:** आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।

**कन्या:** आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक:** आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर:** आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।

**कुंभ:** आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।

**मीन:** आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी, उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

### आज की फिल्में

B4U Movies:
आर या पार — सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव — शाम : 05.53

Sony Pix:
जॉन रैम्बो — दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन — शाम : 06.44

&pictures:
थोली प्रेमा — सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

Zee Cinema:
फ्रीकी अली — सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना — शाम : 05.00

Colors Cineplex:
डेंजरस खिलाड़ी 3 — सुबह : 10.32
भेड़िया — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

शिमला, एजेंसी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके। हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा-हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### मोदी अगर जीते तो हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे: तंगादागी

**कोप्पल (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मंत्री शिवराज तंगादागी ने शनिवार को कहा कि अगर भाजपा लोकसभा चुनाव जीत जाती है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे। पिछड़ा वर्ग विकास और कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग संभालने वाले तंगादागी ने कहा कि प्रधानमंत्री के बयानों से लगता है कि वह देश के हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे। मंत्री की यह टिप्पणी एक राष्ट्रीय टीवी चैनल को दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के साक्षात्कार की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था, जब तक मेरी मां जीवित थीं, मैं सोचता था कि मैं जैविक रूप से पैदा हुआ हूं। उनके निधन के बाद, जब मैं अपने अनुभवों को देखता हूं, तो मुझे यकीन हो जाता है कि मुझे परमात्मा ने भेजा है। यह ऊर्जा मेरे शरीर से नहीं आती। परमात्मा ने मुझे यह दी है।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

पटना/डेहरी, एजेंसी

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद कर दिया गया है।

### नरेंद्र मोदी और भाजपा संविधान बदल देंगे: राहुल



**अमृतसर।** भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पार्टी अगर 2024 का लोकसभा चुनाव जीतती है तो वह व नरेंद्र मोदी संविधान बदल देंगे। गुरु नानक देव का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने कहा कि पहले सिख गुरु का संदेश था कि सभी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान भी यही बात कहता है। पंजाब की अमृतसर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला के समर्थन में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं हैं।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

## राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

## जी परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध उसे 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद गृह मंत्री जी परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है।

## केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार ने दायर की जमानत याचिका

**स्वाति मालीवाल मारपीट मामला**

**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट करने के मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने एक अदालत में जमानत याचिका दायर की है। अदालत ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अदालत के सूत्रों ने बताया कि कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद उनके वकीलों ने याचिका दायर की और कहा कि याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर गई थीं तो केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था और तब से वह पुलिस हिरासत में हैं। पिछले शनिवार को दायर की गई उनकी अग्रिम जमानत याचिका को अदालत ने ''निरर्थक'' माना था। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, अपने जवाब देने में टाल-मटोल कर रहे हैं और उन्होंने अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड भी नहीं बताया है।

## आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली के मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया।

वहीं केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शनिवार को 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से तीन नक्सलियों पर कुल पांच लाख रुपये का नकद इनाम है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि नक्सलियों ने जिले के वरिष्ठ सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और "खोखली" माओवादी विचारधारा से निराश हैं तथा वे पुलिस की पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 कैडर में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जो माओवादियों की गंगालूर क्षेत्र समिति के तहत विभिन्न शाखाओं और संगठनों में सक्रिय थीं।

## महाराष्ट्र में हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से ठग लिए 50 हजार रुपये

मुंबई, एजेंसी

- साइबर जालसाज ने दुबारा पैसे मांगे तब हुआ जज को संदेह

महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला न्यायाधीश से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि साइबर जालसाज ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) के रूप में प्रयोग किया था।

मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत के अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक फोन नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश की तस्वीर लगी थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे और वह शाम तक वापस करने को कहा था। इस पर जिला जज ने पैसा भेज दिया, लेकिन जब उनसे और पैसे मांगे तो इस पर जिला जज को संदेह हुआ।

### नकली सीबीआई अफसर ने 19 लाख ठगे

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के जवाहरनगर थाना क्षेत्र में सीबीआई के नकली अधिकारी ने फोन कॉल करके एक वकील की पत्नी को मनी लॉन्ड्रिंग एवं हवाला मामले में गिरफ्तारी का भय दिखाकर 19 लाख रुपये ठग लिए। अग्रसेननगर निवासी मीरा सूद की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2065, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1660, तुलसी 2065, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1755, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1615, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1670, राग गोल्ड 1635, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2035, **किराना (प्रति कु.)**– हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–23500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7475–7900, मलका छांटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8100, लाल हिंदुस्तान 8200, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8700, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10500, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**– डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000–55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा– भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।


### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है




आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

## बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अन्य रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष पीके सिन्हा नियुक्त

**मुंबई।** आरबीआई ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पीके सिन्हा, जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

## यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा



ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।

## आज का मुकाबला
कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 573 |

### सर्फिंग खिलाड़ी 31 से करेंगे प्रतिस्पर्धा
**मंगलुरु।** रमेश बुद्धिलाल और हरीश एम जैसे देश के शीर्ष सर्फिंग खिलाड़ी 31 मई से दो जून तक यहां इंडियन ओपन के पांचवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने शनिवार को यह घोषणा की।

# कौन उठाएगा आईपीएल की ट्रॉफी, फैसला आज
चेन्नई, एजेंसी

एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढ़ने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद। केकेआर दो बार की चैंपियन है जबकि हैदराबाद अपने दूसरे खिताब की तलाश में होगी। दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिए रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी। दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराजइर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था।

आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है। इसमें एक तरफ कोरबो, लोड़बो, जीतबो की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिए हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले



में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटोर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के सबसे प्रबल दावेदार भी है और आईपीएल खिताब से उनका दावा और पुख्ता होगा। टीमों की तुलना करें तो केकेआर के पास सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, श्रेयस और वेंकटेश अय्यर जैसे मैच विनर के साथ नीतिश और हर्षित राणा और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। दूसरी तरफ सनराइजर्स के लिए घरेलू क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी के अलावा भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स के स्पिनरों अभिषेक और शाहबाज अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन के अलावा अभिषेक, राहुल त्रिपाठी और रेड्डी को रन बनाने होंगे।

### हमारे तरीके में बदलाव नहीं होगा : हेलमोट
**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि पैट कमिंस की कुशल कप्तानी के दम पर उनकी टीम आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराने के बाद हेलमोट ने कहा कि टीम की शैली में केकेआर के खिलाफ कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा हम अपनी शैली पर अडिग रहेंगे। हमने पूरे सत्र में ऐसे ही खेला है और इसी के दम पर फाइनल में हैं। फाइनल में भी हम ऐसे ही खेलेंगे। मुझे गर्व है कि दबाव के हालात में भी टीम ने अपना स्वाभाविक खेल नहीं छोड़ा। उन्होंने पैट कमिंस की निर्णय लेने की क्षमता और मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ संबंधों की तारीफ की। उन्होंने सही समय पर सही फैसले लिए। वह भांप गए थे कि स्पिनर कब उपयोगी साबित होंगे।

# खिताबी भिड़ंत में कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबल दावेदार
चेन्नई, एजेंसी




क्रिकेट विशेषज्ञ मैथ्यू हेडन और केविन पीटरसन का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को होने वाली आईपीएल की खिताबी भिड़ंत में अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण और अपने प्रतिद्वंद्वी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छे रिकॉर्ड की बदौलत खिताब जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है।

हेडन ने कहा मुझे पूरा भरोसा है कि केकेआर यहां जीतेगी क्योंकि उसे कुछ दिन का आराम मिल गया है। सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूती और कमजोरी को जानने से उसे मदद मिलेगी। केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है और टीम अच्छी लय में है। मुझे यह भी लगता है कि सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी लाल मिट्टी पर अंतर पैदा करेगी।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन का भी मानना है कि केकेआर इस दफा आईपीएल खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। मुझे अहमदाबाद में हुए मैच में सनराइजर्स की हार का तरीका पसंद नहीं आया और मुझे लगता है कि रविवार को मैच के दौरान वे बैकफुट में होंगे। टॉस अहम भूमिका अदा करेगा लेकिन केकेआर काफी सकारात्मक मानसिकता से खेल रही है जिससे वह निश्चित रूप से सनराइजर्स हैदराबाद पर भारी रहेगी। आपको ओस की संभावना पर भी विचार करना होगा और अगर यह नहीं गिरती है तो इसके लिए भी तैयार रहना होगा।

# खिताब से एक कदम दूर सिंधू
## बुसानन को हराकर पहुंची मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में, वांग झांग यी से होगा मुकाबला
कुआलालंपुर, एजेंसी

- चोट से वापसी करने के बाद से आक्रामक खेल रही हैं पीवी सिंधू
- बुसानन के खिलाफ अब तक 19 मैचों में से यह 18वीं जीत

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 4,20,000 डॉलर (लगभग 3.49 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पिछले दो साल से एक भी खिताब जीतने में नाकाम रही पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 88 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। सिंधू ने इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन को अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। यह बुसानन पर 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत थी। बुसानन ने सिंधू को सिर्फ एक बार 2019 हांगकांग ओपन में शिकस्त दी है। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू के सामने फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झांग यी की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झांग के खिलाफ तीन मैचों में सिंधू ने दो जीत दर्ज की है। पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का पेरिस ओलंपिक से पहले लय में वापसी करना भारतीय खेलों के लिए अच्छी खबर है। इस सत्र की शुरुआत में घुटने की चोट से वापसी करने के बाद से उन्होंने पिछले कुछ टूर्नामेंटों में आक्रामक खेल दिखाया है। पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। वह अगर रविवार को खिताब जीतने में सफल रही तो ओलंपिक से पहले उनका हौसला काफी बढ़ेगा।

बुसानन के खिलाफ अपने एकतरफा रिकॉर्ड के बावजूद सिंधू के लिए यह एक कठिन मुकाबला साबित हुआ। वह पहले गेम में थाईलैंड की खिलाड़ी के दबदबे को कम नहीं कर सकी। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआती गेम में कई लंबी रेलियां देखने को मिली जिसमें बुसानन ने सिंधू के शॉट पर अच्छा बचाव करने के साथ कुछ शानदार स्मैश लगा कर 8-6 की बढ़त बना ली। सिंधू ने इस दौरान बैकलाइन के आकलन में गलती कर दो अंक गंवाए जिससे ब्रेक के समय थाईलैंड की खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को पहले 15-9 और फिर 17-10 के साथ मजबूत करने में सफल रही।

बुसानन ने दूसरे गेम में भी 6-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। सिंधू ने इसके बाद शानदार स्मैश से 8-7 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधू 18-14 की बढ़त बनाने के बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल कर इसे आसानी से भुनाने में सफल रही। दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद बुसानन पर दबाव हावी हो गया और निर्णायक गेम में वह लगातार गलतियां करती रही। सिंधू ने आसानी 4-1 की बढ़त बनाने के बाद 17-10 किया और शानदार जीत दर्ज की।





### बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता नाइट राइडर्स का आखिरी अभ्यास सत्र
**चेन्नई।** तेज बारिश के कारण रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अंतिम अभ्यास सत्र में बाधा उत्पन्न हुई। सनराइजर्स ने शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। टीम ने शनिवार को अभ्यास सत्र आयोजित नहीं करने का फैसला किया था। केकेआर की टीम को शाम में अभ्यास करना था लेकिन फुटबॉल के साथ वार्मअप कर रहे थे तभी बारिश होने लगी। इस दौरान मैदानकर्मियों ने फाइनल में इस्तेमाल होने वाले जल्दी से चौथी पिच को ढक दिया।

### बेहतर महसूस कर रहा हूं, शायद यह अंतिम फ्रेंच ओपन न हो : नडाल
**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल अभ्यास में अच्छा महसूस कर रहे हैं, फ्रेंच ओपन में खेलने को तैयार हैं और उनका कहना है कि यह शायद उनका रोलां गैरो में अंतिम सत्र नहीं होगा। तीन जून को 38 साल के होने वाले नडाल ने बयान दिया था कि 2024 फ्रेंच ओपन उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम हो सकता है जिससे दर्शकों से लेकर मीडिया तक सभी को यही लग रहा है कि रोलां गैरों उनका विदाई टूर्नामेंट रहेगा। नडाल ने कहा ऐसा मत मानिए। यह मेरा अंतिम रोलां गैरो होगा, लेकिन अगर मैं शत प्रतिशत बता दूंगा कि यह मेरा अंतिम फ्रेंच ओपन होगा, तो माफ कीजिए, मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि आगे क्या होने वाला है, मैं उसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

## खेल डायरी

### निकोलोव को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे अभिमन्यु



**बैंकॉक।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शानदार जज्बा दिखाते हुए शनिवार को पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव पर जीत दर्ज की। अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। इस भारतीय ने तीसरे और अंतिम राउंड में तेजी से मुक्के जड़ना जारी रखते हुए 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे भारतीय दल के दो मुकाबलों में यह दूसरी जीत रही।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारे
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावान सेंथिल कुमार ने दोहा में पीएसए विश्व टूर ब्रांज टूर्नामेंट क्यूएसएफ 3 में शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी मिस्र के तारिक मोमिन के खिलाफ काफी संघर्ष किया लेकिन जीत नहीं सके। दुनिया के 55वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार को मोमिन ने 11-9, 8-11, 11-4, 11-8 से हराया। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारत के अभय सिंह को मलेशिया के इयेन योउ एंग ने 11-6, 11-9, 11-4 से हराया।

### पीजीए गोल्फ : कट में प्रवेश करेंगे अर्जुन अटवाल, जीव चूके
**बेंटन हार्बर (मिशिगन)।** भारत के अर्जुन अटवाल ने किचन एड सीनियर पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरे दौर में डबल बोगी के बावजूद चार ओवर 75 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर लिया। वहीं जीव मिल्खा सिंह पहले दौर में 69 के बाद 79 स्कोर ही कर सके। वह कट में प्रवेश से चूक जाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड ब्लांड ने पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली है। चैंपियंस टूर विजेता स्कॉट डनलप दूसरे स्थान पर हैं।

### बेदब्रत भराली ने विश्व युवा भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण
**नई दिल्ली।** असम के युवा भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने पेरू के लीमा में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरूषों के 73 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह बरस के भराली ने 296 किलो (स्नैच में 136 और क्लीन एंड जर्क में 160 किलो) वजन उठाया। अमेरिका के रियान मैकडोनाल्ड 284 किलो वजन उठाकर दूसरे और यूक्रेन के सेरही कोतेलेवस्की 283 किलो वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। भराली ने पिछले साल 67 किलोवर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। साइराज परदेशी ने पुरूषों के 81 किलो वर्ग में स्नैच में 135 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। वह समग्र श्रेणी में एक किलो से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सिटी को 2-1 से हराकर जीता एफए कप
**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में खेले गए एफए कप के फाइनल में गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर यूनाइटेड इसके साथ ही सिटी की टीम से पिछले साल इसी अंतर से फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। इसके साथ ही यूनाइटेड ने अगले सत्र के यूरोपा लीग में जगह बना ली। सिटी के डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल और गोलकीपर स्टीफन ओर्टेगा की गलतियों का फायदा उठा कर एलेजांद्रो गार्नाचो ने यूनाइटेड का खाता खोला। कोबी मैनू ने 39वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया। स्थानापन्न जेरेमी डोकू का 87वें में गोलकर सिटी की टीम वापसी कराई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### एक ही दिन दो मैच जीतकर कैस्पर रूड बने जिनेवा ओपन चैंपियन
**जिनेवा।** कैस्पर रूड ने शनिवार को लगातार दो मैच जीतकर चार साल में तीसरी बार जिनेवा ओपन का खिताब अपने नाम किया। रूड ने फाइनल में टॉमस मचाक को शिकस्त दी। मचाक ने शुक्रवार को पूरे हुए एकमात्र सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को बाहर का रास्ता दिखाया था। बारिश के कारण रूड का सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को पूरा नहीं हो पाया था। वह अंतिम चार में फ्लेवियो कोबोली को हराने के तीन घंटे से भी कम समय बाद फाइनल के लिए कोर्ट पर लौटे थे। उन्होंने सुबह 10 .30 बजे कोबोली को हराया। नॉर्वे के खिलाड़ी रूड के करियर का यह 12वां खिताब है जिसमें से उन्होंने 11 क्ले कोर्ट पर जीते है।

### टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित
**कराची।** पाकिस्तान ने टी-20 पुरुष विश्वकप के लिए बाबर आजम की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं। हैरिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम इस समय विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहा है, द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए टीम के अधिकांश खिलाड़ी टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई और अमेरिका जाने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला छह जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ खेलेंगे। टीम में बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान को रखा गया है।

# भारतीय जूनियर महिला टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया
एंटवर्प, एजेंसी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को होगा।

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण
येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्व कप में महिला कंपाउंड वर्ग में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि मिश्रित टीम को रजत पदक मिला। दुनिया की नंबर एक भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम की टीम को 232-226 से हराकर एक भी सेट गंवाए बिना पहला स्थान हासिल किया।

एशियाई खेल चैंपियन ज्योति हालांकि दूसरा स्वर्ण नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने विश्व कप स्वर्ण



स्वर्ण पदक के साथ ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी।

पदकों की हैट्रिक लगाई। कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया। दुनिया की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। ज्योति और प्रियांश ने परफेक्ट 40 स्कोर करके मुकाबले को शूटआफ में खींचा लेकिन उसमें उनके 38 अंक के मुकाबले अमेरिकी टीम ने 39 स्कोर किया। कंपाउंड वर्ग में प्रथमेश फुगे कांस्य पदक के प्लेआफ में नीदरलैंड के माइक शोलेसर से शूटआफ में हार गए।

## बॉलीवुड हलचल



### खुद एक्शन करेंगे सलमान
**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के एक्शन सीक्वेंस खुद करेंगे। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी। सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गए हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। इसकी शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। प्री-प्रोडक्शन का काम पिछले हफ्ते शुरू हो गया है। पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में शुरू होने जा रही है। सलमान खान एक्शन सीक्वेंस करने के लिए जमकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। वह खुद से ही एक्शन करना चाहते हैं और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है।

### दे दे प्यार दे के सीक्वल में दिखेंगे अजय-माधवन
**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन की जोड़ी फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में नजर आ सकती है। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म शैतान में अजय देवगन लीड रोल में थे, वहीं आर माधवन ने शैतान का रोल प्ले किया था। दोनों के बीच हुई जंग को फैन्स ने बहुत पसंद किया। अजय देवगन और आर माधवन अब फिर साथ आ रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में वह रकुल प्रीत संग एक बार फिर से अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को आगे बढ़ाते नजर आएंगे। इस फिल्म में जहां एक तरफ अजय देवगन का लीड रोल होगा वहीं अब फिल्म में आर माधवन की भी एंट्री हो रही है। उनका किरदार अहम होने वाला है। 2018 में प्रदर्शित फिल्म दे दे प्यार दे में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा तब्बू भी लीड रोल में थीं। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। अब छह साल बाद इसका सीक्वल बन रहा है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिमरन ने दिलाया छठा स्वर्ण
कोबे (जापान), एजेंसी

सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में 24 . 95 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। सिमरन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.16 सेकंड था। डोमिनिका की डारलेनिस डि ला सेवेरिनो को रजत और लोरेन गोम्स डि एगुइयार को कांस्य पदक मिला।

टी12 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी भाग लेते हैं। भारत के अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य समेत 15 पदक हो गए हैं। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। वहीं, भारत को पुरूषों की एफ46 भालाफेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के



खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य पदक दिया गया है। पुरूषों के एफ46 भालाफेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी, कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## मनमोहक



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। • एजेंसी

## सांसद हत्याकांड की जांच को भारत आएगी बंगलादेश की टीम

**कोलकाता/ढाका।** सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की जांच के लिए बंगलादेश पुलिस के जासूसों की तीन सदस्यीय टीम रविवार को भारत के कोलकाता पहुंचेगी। पुलिस के मुताबिक जांचकर्ताओं का यह मानना है कि अनार की हत्या में कई प्रभावशाली व्यवसायी शामिल हैं।

इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के प्रमुख हारुन या रशीद ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की चार सदस्यीय टीम सांसद की हत्या की जांच के लिए ढाका में है। अभी तक हत्या के किसी खास मकसद की पहचान नहीं हो पाई है। जांचकर्ताओं के अनुसार कई प्रभावशाली लोगों ने अनवारुल अजीम अनार की हत्या में भूमिका निभाई होगी, क्योंकि उन्होंने 2014 में सांसद बनने के बाद जेनैदाह में सोने की तस्करी पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया था।

## ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे रोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है।

### बेअदबी को लेकर पाकिस्तान में ईसाइयों पर हमला

**लाहौर।** कुरान के अपमान के आरोप में कट्टरपंथी इस्लामवादियों के नेतृत्व में भीड़ ने शनिवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईसाइयों पर हमला कर दिया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कम से कम दो सदस्य घायल हो गए। यह घटना लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में हुई। पुलिस का दावा है कि मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। ईसाई समुदाय की संपत्तियों पर भीड़ के हमले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं।

### इमरान के खिलाफ और मामले दर्ज करने को मंजूरी

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने सरकारी संस्थानों, विशेषकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नफरत भड़काने के आरोप में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के लोगों के खिलाफ और मामले दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। खान (71) अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किये जाने के बाद से उनके खिलाफ दर्ज किये गए लगभग 200 मामलों में से कुछ में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

**पोर्ट मोरेस्बी।** उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### बछेन्द्री पाल ने माउंट एवरेस्ट की 40वीं वर्षगांठ मनायी

**काठमांडू।** माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय महिला पर्वतारोही बछेन्द्री पाल ने अपने पर्वतारोहण की 40वीं वर्षगांठ एवरेस्ट आधार शिविर पर मनायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरों को प्रेरित करने का यह मौका पाकर वह धन्य महसूस कर रही हैं। वहीं, नेपाली पर्वतारोही और छाया पत्रकार पूर्णिमा श्रेष्ठ ने शनिवार को इतिहास रचा। वह एक पर्वतारोहण सीजन में तीन बार माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली पर्वतारोही बन गई हैं। पाल ने नामचे बाजार में शुक्रवार को अपना 71 वां जन्मदिन भी मनाया। इस मौके पर 81 वर्षीय ब्रिगेडियर दर्शन कुमार खुल्लर भी आधार शिविर पहुंचे।

# देश में भीषण गर्मी का कहर

## राजस्थान के फलौदी में 50 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान, रात में भी हीटवेव का खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। राजस्थान के फलौदी में रविवार को तापमान 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 1 जून, 2019 के बाद से 50 डिग्री सेल्सियस देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। राजस्थान के चुरू में 2019 में 50.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

अत्यधिक गर्मी ने न केवल देश के उत्तरी मैदानी इलाकों और मध्य क्षेत्रों को बल्कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों तथा पूर्वोत्तर में असम और अरुणाचल प्रदेश को भी प्रभावित किया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी सहित आठ राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर हो रहे चुनाव में मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकलते समय लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में भीषण गर्मी और लू के कारण कुछ मतदाता बेहोश भी हो गए। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार 40.5 डिग्री, असम के सिलचर 40, और लामडिंग 43 और अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर 40.5 और पासीघाट 39.6 सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

असम के तेजपुर 39.5, मजबत में 38.6, धुबरी 38.2, उत्तरी लखीमपुर 39.2, और मोहनबाड़ी 38.8 में सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं युवतियां।

### 11 साल बाद कश्मीर घाटी में पहुंचा 32.2 डिग्री तापमान

कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा के स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को कम रुकना पड़े।

### कई राज्यों में 29 तक गर्मी का प्रकोप

देश के कई राज्यों में 29 मई तक भीषण गर्मी जारी रहेगी। भीषण गर्मी का असर हिमाचल प्रदेश, असम और मेघालय की पहाड़ियों पर भी पड़ेगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जो सभी आयु समूहों के लिए गर्मी की बीमारी और हीटस्ट्रोक की बहुत अधिक आशंका का संकेत देती है।

### हीट स्ट्रोक से 500 चमगादड़ मरे, सैंपल भेजा

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले के मेनार गांव में हीट स्ट्रोक से 500 चमगादड़ों की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पशुपालन विभाग के डॉ. नवीन शर्मा एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी कैलाश मेनारिया घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चमगादड़ों की मौत की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या मृत्यु का कारण हीट स्ट्रोक (लू) होना पाया गया। चार चमगादड़ों का सैंपल राष्ट्रीय उच्च पशुरोग संस्थान भोपाल को भिजवा दिया गया है।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन, अमेरिका व भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।



एरिक गार्सेटी।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल और यूएस कमर्शियल सर्विस ने किया है। गार्सेटी ने कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रहा है।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

## पुणे कार हादसा : नाबालिग का दादा 28 तक हिरासत में

# हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

पुणे, एजेंसी

• ड्राइवर को नकदी और उपहार की पेशकश की : पुलिस आयुक्त



महाराष्ट्र में पुणे की अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। नाबालिग के दादा ने हादसे की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने के लिए ड्राइवर को उपहार और नकदी की पेशकश की थी। ड्राइवर ने जब इस ऑफर को मना किया तो उसे धमकी भी दी गई। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा के घर से एक डीवीआर बरामद किया गया है।

प्रारंभिक जांच से फुटेज के साथ छेड़छाड़ का भी पता चला है। दादा को 19 मई की दुर्घटना के बाद पारिवारिक ड्राइवर को गलत तरीके से बंधक बनाने के लिए दिन में ही गिरफ्तार कर लिया गया था और दोपहर में एक अवकाशकालीन अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि फुटेज को साइबर विश्लेषण के लिए भेजे जाने की जरूरत है। इस बीच पुणे के पुलिस आयुक्त ने बताया कि किशोर के पिता और दादा ने ड्राइवर को दुर्घटना का दोष कबूल करने को कहा था। अभियोजन पक्ष ने आरोपी की सात दिन की हिरासत की मांग की, क्योंकि वह ड्राइवर का फोन बरामद करना चाहता था।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना चाहिए और इन प्रतिष्ठानों को संचालन के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करना चाहिए। नागरिकों द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि बार और रेस्तरां अपने बंद होने के निर्धारित समय के बाद भी खुले रहते हैं। दिवासे ने कहा, मौजूदा व्यवस्था में भौतिक रूप से निगरानी करना मुश्किल है कि वास्तव में वहां क्या हो रहा है।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है। रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।



इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है।

## विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

सिंगापुर, एजेंसी

• म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर आया था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था।

## कॉन्स महोत्सव



### पायल कपाड़िया की फिल्म को ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार

**कान।** फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने शनिवार को कॉन्स फिल्म महोत्सव में ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार जीता। महोत्सव के 77वें संस्करण के समापन समारोह के दौरान फिल्म को यह पुरस्कार मिला। यह पाल्मे डी ओर के बाद महोत्सव का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। कपाड़िया की फिल्म बृहस्पतिवार रात को प्रदर्शित हुई और इसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया में शानदार समीक्षा मिली है। यह 30 वर्षों में किसी भारतीय महिला निर्देशक द्वारा मुख्य प्रतियोगिता में प्रदर्शित होने वाली पहली भारतीय फिल्म है।

## खगोल विज्ञान


### आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

# इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रुवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।



पृथ्वी से कई गुना बड़ा सन स्पॉट। • अमृत विचार

### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

**ओटावा।** कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया।

सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी। बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते।

# चीन की ताइवान को धमकी मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा

बीजिंग, एजेंसी

• चीन की ताइवान के घेरकर चल रही दो दिवसीय ड्रिल पूरी



ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा।

दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था। ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।

### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024ए नाम दिया गया। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।